दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 //// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ////
वर्ष : 11 | अंक : 306 | टोंक | मंगलवार,23 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष द्वितिया संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# लोकसभा में पहले दिन ही हुआ हंगामा

# आज बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश करने के साथ सोमवार को संसद का बजट सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले से लेकर रेलवे सुरक्षा जैसे कई प्रमुख मुद्दों पर एनडीए सरकार को घेरा।

कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित किया। वित्त मंत्री 23 जुलाई को 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने वाली हैं। एनडीए के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद यह मोदी सरकार का पहला बजट है। अप्रैल-जून में आम चुनाव होने के बाद यह संसद का पहला मानसून सत्र है।

सरकार ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा पेश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला की अनुमति से आर्थिक समीक्षा की प्रति सदन के पटल पर रखी। आर्थिक समीक्षा (सर्वे) सरकार द्वारा केंद्रीय बजट से पहले प्रस्तुत किया जाने वाला वार्षिक दस्तावेज है जिसमें अर्थव्यवस्था की स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा होती है।

वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक संभाग द्वारा आर्थिक समीक्षा तैयार की जाती है। इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में तैयार किया जाता है। देश में पहली बार आर्थिक समीक्षा 1950-1951 में पेश की गई थी जब यह बजट दस्तावेजों का ही हिस्सा होती थी।

## मोदी बोले- पिछले सत्र में विपक्ष ने मुझे बोलने से रोका; चुनाव में लड़ लिए, आइए अब देश के लिए लड़ें

मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी सुबह 10:15 बजे संसद पहुंचे और मीडिया से 21 मिनट बात की। उन्होंने कहा- संसद का मानसून सत्र सावन के पवित्र दिन पर शुरू हो रहा है। मोदी बोले- जून में नई संसद के गठन के बाद देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया गया। मुझे इसका कोई दुख नहीं है। इस बार हम मजबूत बजट लेकर आ रहे हैं। विपक्ष से अपील है- लोकसभा चुनाव में जितनी लड़ाई लड़नी थी हमने लड़ ली। जनता को जो बताना था बता लिया, वो दौर समाप्त हो गया। अगले 5 साल देश के लिए लड़ना और जूझना है। पीएम ने कहा- हमारे सभी माननीय सांसद चर्चा को समृद्ध करेंगे। कितने भी विरुद्ध विचार होंगे। विरुद्ध विचार बुरे नहीं होते, नकारात्मक विचार बुरे होते हैं। देश को प्रगति की विचारधारा की जरूरत है। मैं आशा करता हूं कि हम लोकतंत्र के इस मंदिर का देशवासियों की आशाओं को पूरा करने के लिए उपयोग करेंगे।

## देश का एग्जामिनेशन सिस्टम फ्रॉड : राहुल गांधी



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद के बाहर कहा- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जवाब देना चाहिए था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और पीएम मोदी के बारे में बात की, लेकिन वह यह नहीं बता पा रहे हैं कि वह इस पर क्या कर रहे हैं। NEET युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमने हमेशा संसद में चर्चा की मांग की है, लेकिन सरकार इसमें दिलचस्पी नहीं ले रही है। हम इस मुद्दे को उठाते रहेंगे और सरकार पर दबाव बनाते रहेंगे।

### अखिलेश यादव ने कहा- सरकार ने पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाया

संसद में लोकसभा की कार्रवाई जारी है। विपक्ष ने कहा कि नीट में गड़बड़ी की वजह से कई स्टूडेंट्स की मौत तक हुई है। इसके जवाब में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कुछ ही जगहों पर गड़बड़ी हुई है। सीबीआई मामले की जांच कर रही है जो एक प्रोसेस है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा- ये सरकार और कोई रिकॉर्ड बनाए न बनाए, पेपर लीक का रिकॉर्ड जरूर बनाएगी। नीट परीक्षा में कई सेंटर ऐसे हैं जहां 2 हजार से ज्यादा बच्चे पास हो गए। जबकि कुल सीटें 30 हजार हैं।

## इकोनॉमिक सर्वे- सिलेंडर सस्ता होने से ईंधन महंगाई घटी : जीडीपी ग्रोथ 7% रहने का अनुमान, हर साल 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

इकोनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि सरकार ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। इससे रिटेल ईंधन महंगाई दर फाईनेंसियल ईयर 24 में नीचे बनी रही। वहीं इसमें वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.5 से 7% रहने का अनुमान लगाया गया है।

इकोनॉमिक सर्वे में ये भी कहा गया है कि बढ़ती वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए सालाना लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने आज यानी, सोमवार 22 जुलाई को लोकसभा में इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। वित्त मंत्रालय का आर्थिक मामलों का विभाग हर साल केंद्रीय बजट से ठीक पहले संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश करता है। इसे संसद के दोनों सदनों में पेश किया जाता है। सर्वे में पिछले 12 महीनों में भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए डेवलपमेंट की रिव्यू होता है।

ग्लोबल एनर्जी प्राइस इंडेक्स में फाईनेंसियल ईयर 24 में गिरावट आई। सरकार ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। इससे रिटेल ईंधन महंगाई दर फाईनेंसियल ईयर 24 में नीचे बनी रही। अगस्त 2023 में, एलपीजी कीमतों में 200 रुपए/सिलेंडर की कटौती की गई थी। वहीं मार्च 2024 में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपए/लीटर की कटौती की।


एग्रीकल्चर सेक्टर को खराब मौसम, घटते जलाशयों और फसलों के नुकसान के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसका असर कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर पड़ा। इससे वित्त वर्ष 24 में खाद्य महंगाई बढ़कर 7.5% हो गई। 2023 में ये 6.6% थी।

पीएम-सूर्य घर योजना से 30 गीगावॉट सौर कैपेसिटी जुड़ने की उम्मीद है। इस पहल का उद्देश्य सोलर वैल्यू चैन में लगभग 17 लाख नौकरियां पैदा करना है। पीएम-सूर्य घर योजना इस साल फरवरी में 75,021 करोड़ रुपए की लागत के साथ शुरू की गई थी।

इंडियन इकोनॉमी को बढ़ती वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए नॉन-फार्म सेक्टर में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। सर्वे में ये भी बताया गया है कि 65% आबादी 35 वर्ष से कम है, फिर भी कई लोगों के पास आवश्यक स्किल का अभाव है। अभी, केवल 51.25% युवा ही रोजगार योग्य है।

## निपाह वायरस को लेकर राजस्थान में अलर्ट

### केरल से आने वाले यात्रियों पर निगरानी रखने के निर्देश; सभी मेडिकल कॉलेज को भेजा अलर्ट




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** निपाह वायरस के केरल में डिटेक्ट होने और एक मरीज की मौत के बाद राजस्थान में भी अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य निदेशालय के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने एक आदेश जारी करके प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, सीएमएचओ, पीएमओ को अलर्ट किया है। इसके साथ ही केरल से ट्रैवल करके आने वाले यात्रियों पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। आदेशों के मुताबिक हॉस्पिटल में आने वाले संदिग्ध मरीजों को डिटेक्ट करने और उनकी सूचना भेजने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इस केस में मरीजों को तेज सिरदर्द और बुखार की शिकायत आती है। समय के साथ इसके लक्षण गंभीर हो सकते हैं। इसमें ब्रेन इन्फेक्शन या इंसेफलाइटिस होने का खतरा बढ़ सकता है। आपको बता दें कि निपाह वायरस चमकादड़ों से फैलता है।

चमकादड़ों के खाए फलों को खाने से इसके सबसे ज्यादा फैलने की आशंका रहती है। ये सिर्फ जानवरों से नहीं, बल्कि एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैलता है। अब तक इसका कोई ट्रीटमेंट या टीका (इंजेक्शन) उपलब्ध नहीं है।

## विधानसभा में बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में हंगामा

### नेता प्रतिपक्ष-मंत्री में तीखी बहस, जूली बोले- मिनिस्टर सदन को गुमराह कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बिजली कटौती, किल्लत और बिलों में फ्यूल सरचार्ज को लेकर कांग्रेसी विधायकों ने हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन में फ्यूल सरचार्ज वापस लेने को लेकर नारे भी लगाए। जूली के साथ विधायक मनीष यादव और आशीष चाचाण ने भी सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष ने ऊर्जा मंत्री पर बिजली किल्लत मामले में सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंत्री जवाब दे रहे हैं कि प्रदेश में 22 घंटे बिजली की सप्लाई कर रहे हैं।

जबकि मई में 25 फीसदी और जून में 28 फीसदी कम बिजली है तो फिर इतनी सप्लाई कहां से दे रहे हैं। वहीं, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि हम अतिरिक्त बिजली खरीदकर डिमांड पूरी कर रहे। इससे पहले भाजपा विधायक ने इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योगों के नाम पर मिली जमीनों के दुरुपयोग का सवाल उठाया तो मंत्री राज्यवर्द्धन ने जवाब दिया कि इसमें रीको कुछ नहीं कर सकता। इंडस्ट्रियल मिनिस्टर के जवाब पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सरकार से इस तरह की पॉलिसी में बदलाव के लिए कहा।

वहीं, आज विधानसभा में नहरी पानी के मुद्दे पर विपक्ष के विधायक सरकार को घेरेंगे। वहीं, मारवाड़ के विधायक वेस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट का मुद्दा उठा सकते हैं।




### ऊर्जा मंत्री ने कहा- रात में दिक्कत आती, लेकिन पूर्ति कर रहे

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सदन में कहा कि रात में बिजली किल्लत की मांग हम अतिरिक्त बिजली खरीदकर पूरा कर रहे हैं।
- यह डबल इंजन की सरकार है। केंद्रीय उपक्रमों से 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली ले रहे हैं। एक्सचेंज से खरीदकर आपूर्ति कर रहे हैं।
- मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के पूरक सवाल पर कहा कि बिजली की 25 प्रतिशत कमी नहीं है, पिछले साल से डिमांड ज्यादा है।
- आपके समय पावर प्लांट 52 फीसदी की क्षमता से चलते थे, हम 74 फीसदी क्षमता से चलाकर बिजली की आपूर्ति करते हैं।

### मंत्री के जवाब पर विपक्षी विधायकों ने सवाल उठाए

- विधानसभा में बिजली किल्लत को लेकर प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस ने कुछ देर के लिए हंगामा किया।
- नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस विधायक इंद्रा मीणा ने मंत्री के जवाब पर सवाल उठाए। जूली ने कहा कि मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं।
- सवाल के जवाब गलत है, जवाब में 22 घंटे बिजली देने की बात कह रहे हैं। जवाब में यह भी लिखा कि मई में 25 फीसदी और जून में 28 फीसदी कम बिजली है तो फिर 22 घंटे बिजली कहां से दे रहे हैं।

## बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर

### भारतवंशी कमला हैरिस को प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट चुना; ट्रम्प बोले- हैरिस को हराना और आसान होगा

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। चुनाव से 4 महीने पहले रविवार को उन्होंने चिट्ठी लिखकर इस बात का ऐलान किया। बाइडेन ने कहा, मैं देश और पार्टी हित के लिए चुनाव से बाहर हो रहा हूं। बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ाया।

भारतवंशी कमला ने भी बाइडेन के समर्थन को स्वीकार करते हुए कहा है कि वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी जीतने के लिए तैयार हैं। दरअसल, अमेरिका में 28 जून को हुई प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता यह मांग कर रहे थे कि वे राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी छोड़ दें। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर पार्टी की सबसे सीनियर लीडर नैंसी पेलोसी उन्हें प्रेसिडेंशियल रेस से बाहर होने को कह चुकीं थीं। इसके बाद बाइडेन ने कहा था कि अगर डॉक्टर मुझे अनफिट या किसी बीमारी से ग्रसित पाते हैं तो मैं राष्ट्रपति की रेस से बाहर हो जाऊंगा। इसके बाद वे कोरोना पॉजिटिव हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेमोक्रेटिक पार्टी जल्द ही उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर सकती है। उधर, डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि बाइडेन कभी भी राष्ट्रपति पद के लायक नहीं थे। वे धोखेबाज हैं और सिर्फ फेक न्यूज की वजह से प्रेसिडेंट बनें। ट्रम्प ने ये भी कहा कि कमला को हराना और आसान होगा। साढ़े तीन साल में हमने देश के तौर पर महान तरक्की की है। आज अमेरिका दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था है। हमने देश को बनाने के लिए ऐतिहासिक निवेश किए हैं। अमेरिका जितनी बेहतर स्थिति में आज है इतना पहले कभी नहीं रहा। मैं जानता हूं कि ये सब अमेरिकी लोगों के बिना नहीं हो

## नीट केस में सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को निर्देश




### 1 सवाल के 2 सही जवाब से 4 लाख स्टूडेंट्स का नुकसान हुआ; आईआईटी दिल्ली की एक्सपर्ट टीम से राय लें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** NEET मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम में फिजिक्स के 2 सही ऑप्शन वाले क्वेश्चन नंबर 19 की पड़ताल का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 2 सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और 4.2 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान हुआ है। इस पर IIT दिल्ली के एक्सपर्ट्स की राय लें।

कोर्ट ने आदेश दिया कि IIT दिल्ली के डायरेक्टर 2 जवाबों वाले सवाल की जांच के लिए एक 3 मेंबर्स की एक्सपर्ट कमेटी बनाएं। एक्सपर्ट टीम उनमें से एक सही ऑप्शन चुनकर मंगलवार, 23 जुलाई को 12 बजे तक रजिस्ट्रार को अपनी राय भेजें। इसके अलावा, CJI ने याचिकाकर्ताओं से आज यानी सोमवार शाम तक आधे पेज में NEET UG रीटेस्ट के पक्ष में तर्क का रिटन सबमिशन ई-मेल करने को कहा है। सीजेआई ने पूछा- एक ही प्रश्न के दो अलग-अलग उत्तर को टिक करने वालों को मार्क्स देकर आप टॉपर्स की संख्या बढ़ा रहे हैं। आखिरकार एनटीए दोनों ऑप्शन पर मार्क्स देने के फैसले पर क्यों पहुंचा? इस पर सॉलिसिटर जनरल कहा- दोनों उत्तर सही थे। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- यह संभव नहीं है। सुनवाई के दौरान एनटीए ने माना कि 3300 से ज्यादा स्टूडेंट्स को गलत पेपर दिया गया था। इन्हें एसबीआई की जगह केनरा बैंक का पेपर बांटा गया था।

## नूंह में कर्फ्यू जैसे हालात के बीच ब्रजमंडल यात्रा

### झिरकेश्वर मंदिर से पुन्हाना रवाना, साधु-संतों के काफिले में आगे-पीछे पुलिस की 6-7 गाड़ियां

बढ़ता राजस्थान

**नूंह।** हरियाणा के नूंह पिछले साल हुई हिंसा के बाद फिर पांडवकालीन शिव मंदिरों में कर्फ्यू जैसे हालात के बीच ब्रजमंडल यात्रा निकाली जा रही है। साढ़े 3 घंटे की देरी के बाद यात्रा नलहड़ेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के बाद शुरू हुई। पुलिस की गाड़ियों के साथ साधु संतों और श्रद्धालुओं का काफिला फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर मंदिर पहुंच गया है। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा पुन्हाना के सिंगार श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हो गई है। यहां पर यात्रा संपन्न होगी। यह यात्रा 80 किलोमीटर लंबी है। जिसके लिए प्रशासन की तरफ से 5 घंटे का समय तय किया गया है। वहीं हिंसा के आशंका मद्देनजर प्रशासन ने यहां आज सोमवार शाम 6 बजे तक इंटरनेट बंद किया है।

नूंह में 2 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अरावली की पहाड़ियों की ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है। यात्रा को दोनों तरफ से पुलिस ने सिक्योरिटी कवर दिया है। वहीं ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कल कहा कि पिछली बार हिंसा की वजह से मुस्लिमों पर दाग लगा। इस यात्रा को कामयाब बनाकर दाग धोने का यह अच्छा समय है।



**यात्रा का जगह-जगह स्वागत**-मुस्लिम समुदाय के लोग यात्रा का जगह-जगह स्वागत कर रहे हैं। साथ ही हिंदू मुस्लिम भाइचारे के नारे भी लगाए जा रहे हैं।

**फिरोजपुर झिरका के शिव मंदिर पहुंची यात्रा**-नूंह के नलहड़ेश्वर मंदिर से रवाना हुई ब्रजमंडल यात्रा फिरोजपुर झिरका के प्राचीन शिव मंदिर पहुंच चुकी है। यहां यात्रा में शामिल साधु संत भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद पुन्हाना के सिंगार के शिव मंदिर पहुंचेंगे। जहां यात्रा का समापन होगा।

## सम्पादकीय

### गरिमा बनाम गुनाह, उच्च पदों की मर्यादा को बनाए रखने के लिए कार्य और व्यवहार में संतुलन जरूरी

संवैधानिक पदों का निर्वाह करने वाले लोगों को आपराधिक मामलों में सुनवाई, सजा आदि से इसलिए संरक्षण प्रदान किया गया है कि इससे उस पद की गरिमा आहत हो सकती है। ऐसे लोगों से भी यह स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे उस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। मगर इस तकाजे की कई बार अनदेखी की जाती है। खासकर राज्यपालों के कार्य और व्यवहार को लेकर अनेक मौकों पर अंगुलियां उठी हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया और राजभवन के अधिकारियों ने उसे राजभवन में बंधक बनाए रखा।

मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत आपराधिक मामलों में संरक्षण प्राप्त है। उन पर तब तक कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक वे अपने पद पर हैं। तब पीड़िता ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि अनुच्छेद 361 के खंड दो में राज्यपालों को दी गई छूट में मामले की जांच पर रोक का कोई उल्लेख नहीं है। यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में जांच में देरी पीड़िता को न्याय दिलाने में बाधा है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले के मद्देनजर अनुच्छेद 361 की समीक्षा को राजी हो गया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा। साथ ही इस सिद्धांत की रक्षा होगी कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव के अनेक मौके देखे गए और उनमें से कई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए उनकी राजनीतिक सक्रियता पर विराम लगाया, उससे भी सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम पर सबकी नजर रहेगी।

यों राज्यपालों की नियुक्तियों को लेकर ही लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। सक्रिय राजनीति में लंबा समय बिता चुके लोगों को राज्यपाल पद की जम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे राजभवन में रहते हुए भी अपने दल और केंद्र सरकार की इच्छाओं के अनुरूप काम करते देखे जाते हैं। यही वजह है कि जहां उन्हें राज्य की चुनी हुई सरकार के साथ तालमेल बिठा कर फैसले करने चाहिए, वे नाहक उसके काम में अड़ंगा लगाना शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी लंबे समय से यही देखा जा रहा है। इसी आधार पर राज्यपाल शुरू में अपने ऊपर लगे आरोप को राज्य सरकार की साजिश कह कर खारिज करने का प्रयास करते रहे। मगर मामला इतना हल्का है नहीं। किसी राज्यपाल पर छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का आरोप उस पद की गरिमा को चोट पहुंचाने जैसा है। ऐसे मामलों की सच्चाई तो किसी भी हाल में उजागर होनी चाहिए।

# बढ़ती आबादी के बीच गंभीर होती पर्यावरण चुनौतियां

**भारत जैसे विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के विकास की बहुत गुंजाइश और जरूरत है। अगर यह बुनियादी विकास व्यापक दायरे में और पर्यावरण के महत्व को ध्यान में रखते हुए किया जाए, तो हम देश के लिए सतत एवं संतुलित विकास की उम्मीद कर सकते हैं। भारत में कई सड़क परियोजनाएं संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर रही हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण सड़क निर्माण में प्राथमिक सामग्री के रूप में स्टील ग्रिट्स का पुनः उपयोग करना है। सड़कों के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना है। भारत जैसे देश में जहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है और संसाधन सीमित हैं, नीति निर्माताओं के लिए पर्यावरण संरक्षणवादी होना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।**

**ललित गर्ग**



संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी 2060 के दशक में 1 अरब 70 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है, जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं गंभीर चुनौती बनती जा रही है। हमें संसाधनों के विस्तार एवं विकास की योजनाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास, उद्योग, परिवहन आदि विकास योजनाओं को लागू करते हुए प्रकृति, पर्यावरण एवं जलवायु पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। हर विकास के अपने सकारात्मक और नकारात्मक नतीजे होते हैं। सभी विकास योजनाओं में पर्यावरण का ख्याल रखना जरूरी है। अगर बिना पर्यावरण की परवाह किये विकास किया गया तो यह मनुष्य के लिये विनाश एवं विध्वंस का कारण बनेगी। वर्तमान में भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ-साथ तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए विकास की नई गाथा लिख रहा है, लेकिन इसी के साथ पर्यावरण की उपेक्षा के कारण अनेक पर्यावरण समस्याएं विनाश एवं विध्वंस का कारण भी बन रही है। शहरी विकास की प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास से महानगरों में असुरक्षित परिवेश, बढ़ता प्रदूषण, जल एवं शुद्ध हवा का अभाव ऐसी समस्याएं हैं जो जीवन अस्तित्व को बचाये रखने के लिये चुनौती बन रही है।

उन्नत विकास के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए, मैट्रों चाहिए और ब्रिज चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण है। विकास की ऊंचाइयां छूने के साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की सीढ़ियां लगानी होगा। भारत के उद्योगों के लिये पर्यावरण आधारित लक्ष्यों को निर्धारित करने की जरूरत है जैसे परिवहन, खाद्य और कृषि, प्लास्टिक, पैकेजिंग, धातु और खनिज, भवन-निर्माण, सीमेंट, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माण। इनमें से परिवहन उद्योग को खाद्य और गीले कूड़े के दूसरे रूप के उचित निस्तारण से जोड़ कर इसे अधिक टिकाऊ बनाने में अलग-अलग स्तर पर सरकारें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। ऐसा अनुमान है कि 2050 के हिसाब से भारत में 70 प्रतिशत इमारतों का निर्माण होना अभी बाकी है, ऐसे में पूरे निर्माण उद्योग को पर्यावरण अनुकूल आर्थिक पद्धति से जोड़ना भारत के आवासीय और शहरीकरण रोडमैप के लिए नितांत अपेक्षित है। इसी तरह हर उद्योग के लिए पर्यावरण अनुकूल पद्धति को अपने कारोबार और रणनीति में जोड़ना जरूरी है। हम पहले से ही अतीत की नासमझ प्रथाओं के नकारात्मक परिणामों का सामना कर रहे हैं, जिन्होंने पृथ्वी के संसाधनों को नष्ट कर दिया है, लोगों को स्वस्थ पर्यावरण और वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास से वंचित कर दिया है। हमें हर कीमत पर पर्यावरण का संरक्षण और सुरक्षा करनी होगी और पृथ्वी को सभी के लिए एक बेहतर और स्वच्छ आवास बनाने के लिए उपाय करने होंगे, साथ ही साथ अर्थशास्त्र और मानव जीवन को प्रभावित करने वाले हर दूसरे पहलू में स्थायी रूप से पर्यावरण मूलक विकास करना होगा। जरूरत है तकनीकी आविष्कार की जो पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था को संभव और सक्षम बना सके। भारत को देशव्यापी जागरूकता अभियान की भी जरूर है जिसमें घरेलू स्तर पर कूड़ों को अलग-थलग करने के महत्व पर जोर दिया जाए। गीले और सूखे कूड़े का अलग-अलग निपटारा गीले कूड़े के कैलोरी वैल्यू का पता लगाने और सूखे कूड़े को रिसाइकल करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से जारी अलग-अलग दूसरे नियम जैसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, ई-वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, मेटल्स रिसाइकलिंग पॉलिसी इत्यादि को राष्ट्रीय पर्यावरण अनुकूल रोडमैप के साथ जरूर जोड़ा जाना चाहिए। जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। जीवन-निर्वाह के लिए निर्मल एवं पेयजल की आपूर्ति आवश्यक है। जल प्रदूषण के मुख्य कारक हैं- घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा एवं अपशिष्ट पदार्थ, फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ आदि। जल प्रदूषण का दुष्परिणाम यह होता है कि जल का ताप, उनका रंग, उसकी गंध एवं रेडियोधर्मिता में अंतर आ जाता है। जल प्रदूषण का दुष्प्रभाव फसलों एवं मिट्टी पर भी पड़ता है। इसकी रोकथाम के लिए फैक्ट्रियों को यह निर्देश दिया जाना चाहिए कि अपशिष्ट युक्त पानी को स्वच्छ कर ही निस्तारित किया जाए। जल आपूर्ति के लिए बिछाई गए पाइपों के जोड़ उचित ढंग से जोड़े जाएं। कुछ रासायनिक कण मानव के लिए हानिकारक होते हैं। वे मुख्य रूप से सीसा, जस्ता, लोहा, कैडमियम, फ्लोराइड, निकल, क्लोरीन, बेरियम आदि हैं। ये वायु,, जल, मृदा आदि को प्रदूषित कर मानव-मस्तिष्क में विकार पैदा करते हैं। इनके दुष्परिणाम से यकृत और वृक्क भी प्रभावित होते हैं। पर्यावरण का संतुलन प्रकृति, संस्कृति एवं विकृति के त्रिक पर आश्रित है। प्रकृति नियति का नैसर्गिक स्वरूप है। संस्कृति जीवन-शैली है। संस्कृति ही मानव में देवत्व उभारती है। विकृति वस्तुत: संस्कृति एवं प्रकृति दोनों की विलोम स्थिति है। विकृति के फलस्वरूप समाज में असुरता एवं विध्वंस बढ़ने लगते हैं। प्रकृति को संवारना संस्कृति है, जबकि इसको बिगाड़ना विकृति। प्राणिजगत् के लिए संतुलित पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन पर्यावरण को प्रदूषित एवं असंतुलित करने के जिन उपर्युक्त कारकों को रेखांकित किया गया है, उन सभी का मुख्य कारण मानव समुदाय ही है। अदूरदर्शिता, स्वार्थ, लोभ, अनियंत्रित विकास, सुविधा-भोग, जनसंख्या-विस्फोट आदि ने पर्यावरण को प्रदूषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्यावरण और सृष्टि के बीच एक घनिष्ठ संबंध रहा है। सृष्टि-परिवर्तन के प्रभाव से पर्यावरण में भी परिवर्तन होता है। यदि परिवर्तन जीव-जगत् के लिए अनुकूल होता है तो यह कहा जाता है कि वे हमारे लिए ग्राह्य है। यदि परिवर्तन से प्राणी को प्रतिकूलता प्रतीत होती है तो वे अग्राह्य हैं। यही प्रतिकूलता प्रदूषण का कारण बनती है। पर्यावरण असंतुलित होने का सबसे बड़ा कारण आबादी का बढ़ना है जिससे आवासीय स्थलों को बढ़ाने के लिए वन, जंगल यहाँ तक कि समुद्रस्थलों को भी छोटा किया जा रहा है। पशुपक्षियों के लिए स्थान नहीं है। इन सब कारणों से प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ गया है और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में विकास की जो प्रक्रिया है वह पर्यावरण विनाश एवं प्रदूषण का कारण है। इसलिए यह सामयिक चुनौती है कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त कैसे रखा जाए? पर्यावरण-अनुकूल जीवन की ओर बदलाव हमारे ग्रह के भविष्य, मानव-जीवन के अस्तित्व, व्यक्तिगत भलाई और आर्थिक समृद्धि में एक निवेश है। हम जो भी पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प चुनते हैं वह एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ दुनिया की ओर एक कदम है। विकास की चढ़ाई पर्यावरण की दृष्टि से बड़ी नाजूक और खतरों से भरी है। कदम-कदम पर सावधानी एवं जागरूकता चाहिए अन्यथा पलों की खता सदियों की सजा बन जाती है। अत: विकास के सपने अवश्य देखें मगर उन सपनों को हकीकत में बदलते हुए हम क्षण-क्षण पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति सचेत एवं सावधान रहें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**वृष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मिथुन**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कन्या**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**धनु**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कुंभ**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**मीन**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

## शख्सियत



डॉ. जे.एस.शर्मा
एम.डी. ( मनोचिकित्सा )

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के आदर्श हैं डॉ. जे.एस.शर्मा एम.डी. (मनोचिकित्सा) वरिष्ठ सलाहकार मनोचिकित्सक। इनका जन्म 1 जनवरी सन 1957 में हुआ। जैसे नए साल का जश्न पूरी दुनिया मनाती है ठीक ऐसे ही इनके जीवन मे जश्न भरपूर हैं, क्योंकि आनंद से कैसे जिया जाता है ये इनका खूबसूरत व्यक्तित्व बताता है। डॉक्टर साब ने एम.बी.बी.एस.आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर (राज.) से सन 1980 में किया। उसके बाद मनोवैज्ञानिक चिकित्सा में डिप्लोमा (डी.पी.एम.)- 1984 में केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान रांची झारखंड एम.डी. (मनोचिकित्सा)- 1986 में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री, रांची झारखंड

से किया। बेहद मिलनसार और उत्कृष्ट व्यक्ति हैं डॉ जे एस शर्मा जी। नशा मुक्ति पर इन्होंने बहुत काम किया है सामाजिक विडम्बना ये है कि एक चिकित्सक युवाओं का पंचर पड़े अस्तित्व की पंचर निकलता है उसे फिर से सड़क पर चलने योग्य बनाता है लेकिन सरकारों का क्या ये तो सड़क पर कील बिछाने का काम करती आई हैं। बहराल डॉ शर्मा ने नशे की जकड़ से दूर रहने के लिए तनाव मुक्त रहने के लिए कभी पुलिस महकमे में तो कभी बड़े कॉलेजों में लेक्चर्स के माध्यम से समाज को सुधारने का प्रयास किया है। जोरदार डॉक्टर हैं खुद भी मुस्कुराते रहते हैं और मरीज भी मुस्कुराए ये प्रयास करते हैं।

**ये हैं इनके अनुभव**

1. 1984-85 में साइकोसोमैटिक मेडिसिन के मल्टी नेशनल प्रोजेक्ट में डब्ल्यूएचओ फेलो
2. 1984-86 तक हार्वर्ड मेडिकल स्कूल यूएसए के सहयोग से उष्णकटिबंधीय रोगों और मानसिक विकार के अध्ययन में प्रोजेक्ट फेलो
3. विभिन्न औषधि परीक्षणों और अध्ययनों में केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ की परियोजना।
4. सरकार में विभिन्न नशामुक्ति शिविरों का आयोजन/संचालन करना। राजस्थान के.
5. कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया/भाग लिया।
6. एम्स (नई दिल्ली), एनआईएमएचएएनएस (बैंगलोर) जैसे देश के विभिन्न शीर्ष संस्थानों में सीनियर रेजिडेंट और रिसर्च फेलो के रूप में काम किया।
7. सरकार में वरिष्ठ/प्रधान सलाहकार के रूप में कार्य किया। सामान्य अस्पताल अलवर (राज.) पिछले 30 वर्षों तक।

वर्तमान में मनुमार्ग 5 ख.1 में अपना मनोरोग क्लिनिक चला जनता को सेवाए दे रहे हैं।

दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 23 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सरहिंद में सिकन्दर सूरी को हराकर मुगल शासक हुमायूं 23 जुलाई 1555 में दिल्ली पहुंचा।
- नेपोलियन में मिस्र में अलेक्जेंड्रिया पर 23 जुलाई 1798 को कब्जा किया।
- अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने 1829 में टाइपोग्राफ का पेटेंट कराया था, जिसने टाइपराइटर की नींव रखी।
- हवाई में पहली टेलीफोन और टेलीग्राफ लाईन 23 जुलाई 1877 को बिछायी गयी।
- अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक संघ ने 1881 में खेल परिसंघ की स्थापना की। यह विश्व का सबसे पुराना खेल परिसंघ है।
- मोटर कंपनी फोर्ड ने 1903 में अपनी पहली कार बेची।
- चार्ल्स इ मेंसियस द्वारा मलाइबरफ संकु (आइसक्रीम कोण) की खोज 1904 में की गई।
- आर्क्ड्यूक फ्रांसिस फर्डिनेंड की हत्या के बाद आस्ट्रीया-हंगरी ने 1914 में सर्बिया को अल्टीमेटम दिया। इसी के बाद प्रथम विश्व युद्ध शुरु हो गया।
- ब्रिटेन के कब्जे वाले पूर्वी अफ्रीका का नामकरण 23 जुलाई 1920 में केन्या किया गया और इसे ब्रिटिश उपनिवेश बना दिया गया।
- भारत में नियमित रेडियो प्रसारण की शुरुआत 1927 में मुंबई से हुई।
- इटली में फासीवादी सरकार ने 1929 में विदेशी शब्दों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।
- मिश्र में 1952 को क्रांति हुई। मुहम्मद नाजिर के नेतृत्व में कुछ युवा सैनिकों ने विद्रोह कर बादशाह फारुख-1 का साशन समाप्त कर उसे देश से बाहर निकाल दिया।
- हिटलर ने 23 जुलाई 1942 में स्टालिनग्राद पर कक्बजा करने का आदेश जारी किया। 1944 अमेरिकी की सेना ने इटली के पीसा पर कब्जा किया। 1999 जापान की
- राजधानी टोक्यों में ए एन एन फलाइट 61 का अपहरण किया गया।
- अमेरिकी की सेना ने 1944 में इटली के पीसा पर कब्जा किया।
- ग्रीस का सैन्य शासन 1974 को खत्म हो गया और पूर्व प्रधानमंत्री कौन्सटैनटिन कारमनालिस को दोबारा सत्ता संभालने का न्यौता दिया गया।
- आज ही के दिन 1983 में शुरू हुए तमिल टाइगर्स के नाम से विख्यात एलटीटीई विद्रोहियों और श्रीलंका सरकार के बीच 26 सालों तक चले गृह युद्ध में हजारों जानें गईं।
- सं.रा. अमेरिका ने 1998 में सात भारतीय वैज्ञानिकों को देश छोड़ने के लिए आदेश दिया।

## विशेष आलेख

# धरती को बीमार बना कर हम स्वस्थ कैसे रह सकते है!

**सुनील कुमार महला**

भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन आज भारतीय कृषि लगातार एक छिपे हुए खतरे की ओर बढ़ रही है। दरअसल आज खेती में धीरे-धीरे अनेक प्रकार के रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों का प्रयोग लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है और इससे एक ओर जहां हमारे देश की जमीनें लगातार बंजर हो रहीं हैं, वहीं दूसरी ओर बढ़ते रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रयोग से अनेक प्रकार की खतरनाक व गंभीर बीमारियां फैल रहीं हैं। कुछ साल पहले आई सेंटर फॉर साइंस एंड एंवायरनमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक देश की 30 फीसद जमीन बंजर होने के कगार पर है। इसका कारण यूरिया का अंधाधुंध इस्तेमाल है, जिसे हरित क्रांति के दौर में उत्पादन बढ़ाने का अचूक मंत्र मान लिया गया था। यूरिया के अधिक उपयोग से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के लगातार उपयोग से कृषि मित्र जीव-जंतुओं का विनाश हो रहा है। आज मिट्टी से लगातार आर्गेनिक तत्वों की कमी देखी जा रही है, यह भारतीय कृषि जगत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है।

यह बहुत ही गंभीर है कि आज अनाज-सब्जियों के माध्यम से उर्वरकों और कीटनाशक जहर हमारे शरीर में भी पहुंच रहा है और हम तरह-तरह की बीमारियों का शिकार बन रहे हैं।किसानों को इस बात के प्रति जागरूक होना चाहिए कि खेती में लगातार रासायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा लगातार कम होती चली जा रही है और इससे अब हमारे देश में कई स्थानों पर बिना रासायनिक उर्वरक के खेती करना ही संभव नहीं हो पा रहा है। हमने धरती को जहरीली बना दिया है। इससे किसानों को तो नुकसान हो ही रहा है, साथ ही साथ उपभोक्ताओं की सेहत पर भी इसका बहुत ही गहरा व व्यापक असर पड़ रहा है।यदि हमारे देश के किसान इसी तरह केमिकल फर्टिलाइजरों का उपयोग करते रहे, तो वो दिन दूर नहीं जब खेती के लिए मिट्टी ही नहीं बचेगी। आज किसानों का ध्यान पशुपालन पर कम है, क्यों कि महंगाई, स्थान की कमी, हरे-चारे की समस्या के कारण किसान खेती के साथ पशुपालन नहीं करना चाहता। पहले कृषि के साथ पशुपालन भी किया जाता था, आजकल वह कम है। यही कारण है कि आज किसानों के पास खेतों के लिए गोबर की खाद, वर्मी व सुपर कंपोस्ट, हरी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं है। यही कारण है कि मृदा में पोषक तत्वों की कमी है और जमीन की ''वाटर होल्डिंग कैपेसिटी'' लगातार कम होती चली जा रही है, इससे जमीनें कठोर हो रहीं हैं। यह बात ठीक है कि आज के समय में वाणिज्यिक फसलों के लागत-प्रभावी उत्पादन के लिए रासायनिक उर्वरक बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनका अंधाधुंध उपयोग हमारी जमीनों के लिए काल बनकर सामने आ रहा है। किसानों को यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल



और केवल उत्पादन बढ़ाने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें इस बात की भी जानकारी होनी चाहिए कि रासायनिक उर्वरक अकार्बनिक पदार्थों से आते हैं, जो रासायनिक उपचार से गुजरते हैं। यह ठीक है कि रासायनिक उर्वरक किसानों को अल्पावधि में अधिक और/या उच्च गुणवत्ता वाली फसलें पैदा करने की अनुमति देते हैं, लेकिन दीर्घावधि में कम या खराब गुणवत्ता वाली फसलें पैदा कर सकते हैं। वास्तव में ऐसा मिट्टी के स्वास्थ्य की जटिलताओं के कारण होता है। रासायनिक उर्वरकों की एक समस्या यह है कि वे मिट्टी से होते हुए भूजल और अन्य जल स्त्रोतों में चले जाते हैं, जिससे धरती पर प्रदूषण फैलता है। वास्तव में आज हमें पुन: हमारी परंपरागत कृषि की ओर लौटने की जरूरत है। आज किसानों को यह चाहिए कि वे मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा को बढ़ाने के लिए गोबर से बनी खाद व गोमूत्र का प्रयोग करें, जैसा कि इनमें मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। गोमूत्र व गोबर की खाद में नाइट्रोजन, गंधक, अमोनिया, कापर, यूरिया, यूरिक एसिड ,फास्फेट ,सोडियम, पोटेशियम, मैंगनीज ,कार्बनिक एसिड जैसे तत्व पाए जाते हैं। ये फसलों को लाभ पहुंचाने के साथ ही मिट्टी की उर्वरक शक्ति को भी बढ़ाने में कारगर होते हैं। ये मिट्टी को कठोर भी नहीं होने देते हैं और मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखते हैं। हाल ही में राजस्थान के हाड़ौती क्षेत्र की मिट्टी में आर्गेनिक कार्बन का स्तर कम पाया गया है, जो चिंता का विषय है। राजस्थान के उत्तरी जिले हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर में तो पहले से रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों का बहुत प्रयोग हो रहा है, हालांकि ये क्षेत्र राजस्थान के धान/गेंहू के कटोरे कहलाते हैं। अब राजस्थान के हनुमानगढ़, गंगानगर ही नहीं शेखावाटी क्षेत्र चूरू, झुंझुनूं, सीकर में भी रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों का प्रयोग पहले की तुलना में बहुत बढ़ गया है। बहरहाल , हमारे किसान भाईयों को यह सोचने समझने की जरूरत है कि रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के बहुत से छिपे हुए खतरे हैं। इन सबसे हमें अपनी कृषि को तो बचाना ही होगा, मानव समेत धरती के अन्य जीव जंतुओं व प्राणियों की भी रक्षा करनी होगी।

# खनन मामले को लेकर पुलिस व ग्रामीणो में लाठी भाटा जंग

## एएसपी, हेडकांस्टेबल सहित कई पुलिस वाले व एक दर्जन ग्रामीण हुए घायल

### एसपी नैण हालात का जायजा लेने मौके पर पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा पुलिस वृत के लाम्बाहरिसिंह पुलिस थानान्तर्गत सिंधोलिया ग्राम में खनन के मामले को लेकर पुलिस व ग्रामीणो में हुई लाठी भाटा जंग में एएसपी, हेडकांस्टेबल सहित कई पुलिसवाले व लगभग एक दर्जन ग्रामीण हुए गंभीर घायलो को इलाज के लिए मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले के अनुसार सिंधोलिया ग्राम में सिंधोलिया माताजी की पहाड़ियो में खनिज विभाग की ओर से खनन के लिए लीज जारी की थी। इस लीज को लेकर ग्रामीणो ने विरोध कर न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर रखा था। मिली जानकारी के अनुसार खननकर्ता ने न्यायालय से जारी स्थगन को खारिज करवाने के बाद इस खान में खनन कार्य शुरू करने की योजना बना कर योजनाबद्ध तरीके से सोमवार को मौके पर पहुंच कर खनन कार्य शुरू करने का प्रयास कर रहा था। दूसरी तरफ ग्रामीणजन इस पहाड़ी की तलहटी को पशु चराने के काम लेते थे। इसी को लेकर ग्रामीणो ने लीज होने के साथ ही विरोध करते हुए न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर रखा था। लेकिन न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश खारिज होने की जानकारी के बाद से ही ग्रामीणो में भारी आक्रोश व्याप्त था। सोमवार को खननकर्ता आकाश चौधरी अपने आदमियों व श्रमिको के साथ मौके पर पहुंच,खनन करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी ग्रामीणो को लगते ही मौके पर एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रकट करने लगे। वहीं मौके पर खननकर्ता व ग्रामीणो के आमने सामने होने की जानकारी के बाद लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस के अलावा जानकारी मिलने के बाद एएसपी रामकुमार कस्वां मय दल के मौके पर पहुंच कर ग्रामीणो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर पुलिस को पहुंचतें ही ग्रामीणो का गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया। साथ ही ग्रामीणो ने किसी भी कीमत पर मौके पर खनन कार्य नहीं करने की चेतावनी तक दे दी। लेकिन जब पुलिस ने ग्रामीणो को खदेड़ने का प्रयास किया तो गुस्साऐं ग्रामीणो ने पत्थरबाजी और लाठीभाटा जंग करना शुरू कर दिया। जिसके विरोध में पुलिस ने भी लाठीचार्ज कर पत्थरबाजी कर रहे ग्रामीणो को दूर भगाने का प्रयास किया तो ग्रामीण नहीं माने और ग्रामीणो ने पुलिस की लाठीचार्ज का जवाब अपनी लाठियो से देना शुरू कर दिया। जिससे मौके पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। ग्रामीणो के गुस्से को देखकर एएसपी ने मालपुरा सहित आसपास के सभी पुलिस थानो से अतिरिक्त जाप्ता मौके पर बुलाकर तैनात कर दिया। पुलिस व ग्रामीणो की लाठीभाटा जंग एएसपी कस्वां सहित एक हेडकांस्टेबल सहित अन्य पुलिस वालो व आठ ग्रामीण घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र लाम्बाहरिसिंह ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आठ ग्रामीणो को मालपुरा के सरकारी अस्पताल मूं इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस मामले को लेकर पुलिस ने दो दर्जन से अधिक ग्रामीणो पर राजकार्य में बाधा डालने सहित पुलिस पर पथराव करने जैसे संगीन मामले दर्ज कर जांच शुरू की है। सिंधोलिया ग्राम में पुलिस व ग्रांमीणो कें मध्य हुए लाठी भाटा जंग के बाद ासिंधोलिया सहित लाम्बाहरिसिंह में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियन्त्रण में बताई गई है। पुलिस अभी मामले दर्ज कर लाठी भाटा जंग कर राजकार्य में बाधा डालने वाले ग्रामीणो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने का प्रयास रही है। वहीं सिंधोलिया गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राजकार्य में बाधा डालने व पुलिस पर पत्थरबाजी व लाठीभाटा करने वाले ग्रामीणो की सरगर्मी से तलाश जारी है।

**ये हुए घायल :-** सिंधोलिया ग्राम में ग्रामीणो व पुलिस के मध्य हुए लाठी भाटा जंग में एएसपी कस्वां के अलावा हेडकांस्टेबल सहित राकेश पुत्र भैंरूराम निवासी मकराना,देवराज पुत्र शिवकरण जाट , अर्जुन पुत्र मेवाराज जाट, अनिल पुत्र भागीरथ जाट, हरिराम पुत्र गोविन्दराम , श्रीराम गुमानमल जाट, रामधन पुत्र मांगीलाल सभी निवासी नागोर व रामलाल पुत्र श्योजी व परशुराम पुत्र नन्दा नाथ दोनो निवासी सिंधोलिया सहित आठ ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए। जिनको इलाज के लिए मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### एसपी नैण पहुंचे मौके पर

सिंधोलिया ग्राम में पुलिस व ग्रामीणो के बीच लाठीभाटा जंग होने की सूचना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण सिंधोलिया ग्राम मौके पर पहुंचे। यहां एसपी ने मौजुद एएसपी रामकुमार कस्वा, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजुद पुलिस अधिकारियो से घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की। साथ ही मौके के हालात का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

### इनका कहना है

इस मामले को लेकर एएसपी रामकुमार कस्वां का कहना है कि सिंधोलिया गांव में पुलिस व ग्रामीणो के आमने सामने होने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियन्त्रण में लाने का प्रयास शुरू किए। लेकिन उनके मौके पर पहुंचते ही ग्रामीणो ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिए जो कानून के खिलाफ है। अब पुलिस पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालकर राज कार्य में बाधा डालने वालो की पहचान कर रही है। जो भी अपराधी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री बनवारीलाल की पुण्यतिथि कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सोमवार को डाक बंगले में पूर्व उपमुख्यमंत्री बनवारीलाल बैरवा की 15 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक कमल बैरवा ने श्रद्धांजलि सभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय उपमुख्यमंत्री बनवारीलाल बैरवा को क्षेत्र के लोग बाबूजी कहकर बुलाते थे। वह क्षेत्र की जनता को अपना परिवार मानते थे। पूर्व मुख्यमंत्री बनवारीलाल बैरवा सरल स्वभाव के धनी थे। आज उनकी श्रद्धांजलि सभा में जिले भर में ही नहीं अपितु प्रदेश भर में कार्यक्रम किया जा रहा है। वह क्षेत्र की जनता को अपने परिवार की तरह सुख-दुख में खड़े रहते थे। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरिभाई हरि ने भी पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. बनवारीलाल बैरवा की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर पराना, पूर्व प्रधान अलका बैरवा, मणिन्द्र लोदी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामराय मीणा, श्रीराम चौधरी, रामू माथुर, पार्षद दुर्गाशंकर सैन, राजेश भट्ट, प्रदीप पारीक मांगीलाल गुर्जर, एसआर फागणा, एडवोकेट बनवारीलाल यादव, एडवोकेट रामनारायण शर्मा, हंसराज शर्मा, सतीश शर्मा, प्रभु चौधरी, भागचंद बैरवा, विनोद बनस्थली, लादूलल बैरवा, सुखदेव गुर्जर, सुरेन्द्र बेनीवाल, बाबूलाल माछलपुरिया, एडवोकट हरिराम कसाणा, त्रिलोक तिवाडी व रामजीलाल बैरवा सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मॉडल स्कूल में प्राइमरी कक्षाए हुई प्रारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित राजकीय स्वामी विवेकानन्दर मॉडल स्कूल में प्राइमरी स्तर की कक्षाए प्रारम्भ हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की पहल पर काफी लम्बी प्रतीक्षा के बाद मॉडल स्कूलो में प्राइमरी स्तर की कक्षाऐं शुरू हो सकी है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सोमवार से कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं का प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने वर्चूअल उद्घाटन किया। शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दिन बालको के साथ अभिभावक भी मोजुद रहे। नवप्रवेशित बालको का तिलक लगाकर व मालाऐं पहना कर अभिनन्दन किया गया। इस दौरान शिक्षक त्रिपाठी के अलावडा राजेन्द्र ने भी बालको को सम्बोधित किया। प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावको को नवप्रवेशित बालको को अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण व श्रेष्ठतम तरीके की शिक्षा प्रदान करने का विश्वास दिलाया।

## किसान महापंचायत की तहसील कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** किसान महापंचायत तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसान महापंचायत के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैइक में तहसील कार्यकारिणी का गठन सर्व समिति से किया गया। कार्यकारणी में संगठन मंत्री के पद पर रामकिशन मीणा, उपाध्यक्ष बद्री गुर्जर व कमलेश चौधरी, महामंत्री गोविंद चौधरी व भगवतीप्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन चौधरी व सचिव के पद पर नाथूलाल शर्मा को मनोनीत किया गया।

देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव

# ‘हारो’ के सहारे जीत के चांस फिफ्टी-फिफ्टी सिर्फ राजेन्द्र दे सकते हैं जीत की गारंटी

### पिछले सोलह साल में यहां कांग्रेस के वर्चस्व को राजेन्द्र गुर्जर ने ही तोड़ा

### उनके पहले और उनके बाद भाजपा को किसी ने नहीं चखाया जीत का स्वाद, कांग्रेस से आ सकता है मीना समुदाय का प्रत्याशी

अजय शर्मा

**जयपुर/टोंक (बढ़ता राजस्थान)।** हरीश मीना के सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई देवली-उनियारा विधानसभा की सीट पर उपचुनाव की सरगर्मियां तेज होने लगी है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने टोंक में हाल ही हुई जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल होकर उप चुनावों की चर्चा कर जिले के राजनीतिक माहौल को हवा दे दी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और टोंक विधायक सचिन पायलट भी बीते दिनों टोंक आए थे और उसके बाद कांग्रेस ने भी उप चुनावों के लिए अपने समीकरण बैठाने शुरू कर दिए हैं। वैसे परम्परागत रूप से कांग्रेस इस सीट पर मीना और भाजपा गुर्जर समुदाय के व्यक्ति पर दांव खेलती आई है। वर्ष 2008 से वर्ष 2023 के विस चुनाव और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों का रूझान देखे तो यहां कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आता है। भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर एकमात्र ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस के जीत के भ्रम को तोड़ा और वर्ष 2013 से 2018 तक देवली-उनियारा विधानसभा से विधायक रहे। भाजपा के लिहाज से कार्यकर्ताओं के मन की बात कहें और उस इलाके में पिछले एक दशक से काम करने वाले फील्ड अधिकारियों की माने तो भाजपा में राजेन्द्र गुर्जर ही वो एकमात्र नेता है जो पार्टी के लिए सीट निकालने की ताकत रखते हैं, बाकी ‘हारो’ के सहारे रही भाजपा इस बार भी अपनी लुटिया ही डुबोएगी। कांग्रेस अगर मीना समुदाय से टिकट देती है तो माना जा रहा है कि दिग्गज नेता रामनारायण मीना की वापसी हो सकती है।





### ठंडा मिजाज और ‘छोटे लालच’ से दूर रहने की छवि

चतुर्भुज तालाब स्थित जैन नसियां में हुई भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में काफी संख्या में देवली-उनियारा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी आए थे। प्रदेशाध्यक्ष जोशी और दूसरे नेताओं के बार-बार यह कहने कि, टिकट किसी को भी मिले, चुनाव लड़ने कोई भी आए, कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर उसके साथ लगना है और जिताना भी है, पर कुछ कार्यकर्ताओं ने टिप्पणी की कि लगता इस बार भी भाजपा यहां ‘परची’ प्रत्याशी को ही उतारेगी। ऐसे में ये लोग फिर इस बार सीट गंवा देंगे। उनका बातचीत का निष्कर्ष यही था कि एकमात्र राजेन्द्र गुर्जर ही वो नेता है जो निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़ा रहा है। भ्रष्टाचार की राजनीति से दूर रहा है, सिर्फ उसे ही टिकट मिलता है तो भाजपा अवश्य जितेगी। वर्ष 2014 विस चुनावों में राजेन्द्र गुर्जर ने कांग्रेस के रामनारायण मीना को 29 हजार से अधिक वोटों से हराया था। गुर्जर समुदाय में लोकप्रिय होने के साथ-साथ युवा राजेन्द्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी पसंद है।

**अधिकरियों को परेशान नहीं किया :** गांवों-किसानों के विभाग से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि राजेन्द्र गुर्जर ट्रांसफर राजनीति और अधिकारियों को धमका-डराकर रखने के आचरण से दूर रहे हैं। आज भी वे कोई भी मसला हो तो अधिकारियों का पक्ष सुनते हैं और व्यवहारिक समाधान पर जोर देते हैं। कर्मचारी भी उन्हें ही वोट दिलवाएंगे। गांव-ढाणी के कार्यकर्ताओं पर जितनी पकड़ राजेन्द्र गुर्जर की है, उतनी किसी दूसरे की नहीं है। उन पर पार्टी या उसके प्रत्याशी के साथ भीतरघात करने के भी आरोप नहीं है। एक अन्य अधिकारी का कहना था कि बंदा जुबान का पक्का है। एक बार जो कह दिया फिर उससे पलटता नहीं है।

**बाकी तो सबका रिकार्ड खराब है :** देवली-उनियारा क्षेत्र से राजेन्द्र गुर्जर के अलावा कई अन्य नेता भी टिकट मांग रहे है, लेकिन स्थानीय जुड़ाव नहीं होने और हाल ही मतदाताओं की नापसंदगी झेल चुके है। प्रभुलाल सैनी, सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विजय सिंह बैंसला ऐसे नेता है जो हाल ही हुए विस और लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की तरफ से रिजेक्ट किए जा चुके हैं। इस लिहाज से इस बात की आशंका ही रहेगी कि ये सीट निकाल सकते हैं। इन ‘हारो’ के सहारे भाजपा जीत पाएगी, इसमें संशय नजर आता है। ऐसे में इस बात को अधिक बल मिलता है कि भाजपा यहां से पैराशूट उम्मीद्वार उतार सकती है।

**मतों का गणित भी पक्ष में :** देवली-उनियारा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशियों को विस चुनावों में मिले वोटों को देखे तो यह आंकड़ा भी राजेन्द्र गुर्जर के पक्ष में जाता है। वर्ष 2008 से वर्ष 2023 के विस चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी को करीब 38 प्रतिशत मत मिले हैं। वर्ष 2014 के विस चुनाव में भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर ने 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किए और पार्टी को जीत दिलाई। वर्ष 2008 के बाद से हुए विस चुनावों में भाजपा से जितने वाले वे एकमात्र प्रत्याशी रहे हैं। वर्ष 2018 के चुनावों में हारने के बाद भी राजेन्द्र गुर्जर ने 40 प्रतिशत मत हासिल किए थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ नो दिवसीय वाल्मिकी रामायण कथा महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के विजयवर्गीय सेवा सदन में 30 जुलाई तक चलने संगीतमय श्रीमद् वाल्मिकी रामायण कथा महोत्सव का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ। सोमवार को पुरानी तहसील स्थित श्री चारभुजा नाथ के मन्दिर से बेण्डबाजो के साथ कलशयात्रा का भव्य एवं विशाल जुलुस कथावाचक व्यारणाचार्य पं. ऋषिराज शर्मा के पावन सानिंध्य में रवाना हुआ। जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर कथा स्थल विजयवर्गीय सेवा सदन पहुंचा। यहां आयोजक परिवार के मुखिया रामसहाय व परिवार के सदस्य भंवरलाल, आनन्दीलाल, टीकमचन्द व अन्य ने पवित्र कलशो के साथ महाआरती कर कलशो को स्थापित किया। कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु जयकारो के साथ शामिल हुए। कथा महोत्सव के प्रथम दिन व्यासपीठ से कथावाचक पं. ऋषिराज शर्मा ने वाल्मिकी रामायण कथा के महातम्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि आयोजक परिवार की ओर से यह 25वां कथा महोत्सव है। इस बार वाल्मिकी रामायण पर कथा होगी जो बहुत अधिक पुण्यदायक व ज्ञानवर्घक होगी। इसी क्रम में मंगलवार को श्री राम अवतार कथा प्रसंग पर कथा होने की जानकारी दी। आयोजक परिवार के सदस्य टीमचन्द ने बताया कि 30 जुलाई तक विजयवर्गीय सेवा सदन में प्रात: 10 से 5 बजे तक श्री वाल्मिकी रामायण के विभिन्न मार्मिक कथा प्रसंगो पर व्यासपीठ से ऋषिराज शर्मा संगीतमय कथा का रसपान कराऐगें।

## अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** भगवान श्रीविश्वकर्मा मंदिर पर रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा निवाई एवं विकास समिति के तत्वाधान में तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। विकास समिति सचिव मनीष बहकवा ने बताया कि पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय पर चर्चा की गई। सभा में समाज बंधुओ से अपने-अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में बची शेष राशि का समाज उत्थान के कार्यों में सदुपयोग के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य वक्ता दिल्ली महासभा के उपप्रधान मूलचंद जांगिड़ जयपुर, जगदीश जांगिड़ लालसोट, भारतलाल जांगिड़, कन्हैयालाल जांगिड़, कैलाश जांगिड़, रमेश जांगिड़, रामजीलाल जांगिड़, हनुमान जांगिड़, शंकरलाल जांगिड़, दिनेश जांगिड़, शंभूदयाल जांगिड़, प्रेमप्रकाश जांगिड़, सुरेशचंद्र जांगिड़, रामविलास जांगिड़, कजोड़मल जांगिड़ व नाथूलाल जांगिड़ सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

## चातुर्मास के मंगल कलश स्थापना समारोह में उमड़ा जनसैलाब

### विधि विधान से रजतमयी मंगल कलश को किया स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर में बाल योगी मुनि अनुशरण महाराज के चातुर्मास मंगल कलश का स्थापना समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जैन समाज की प्रवक्ता विमल जौला व राकेश संघी ने बताया कि चातुर्मास स्थापना समारोह के लिए दोपहर में मुनिश्री को बैंड बाजे के साथ श्रीशांति सागर पांडाल में लाया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य अभिनंदन सागर महाराज की तस्वीर का चित्र अनावरण करके किया गया। इसके बाद सकल दिगंबर जैन समाज कमेटी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि सर्वप्रथम मुनि अनुसरणसागर महाराज का पादपक्षालन श्रेष्टि मूलचंद व त्रिलोककुमार हरभगतपुरा द्वारा किया गया। इसके बाद श्रेष्ठी विष्णु कुमार व राहुलकुमार बोहरा द्वारा जिनवाणी भेंट की गई। तत्पश्चात श्रावक श्रेष्टि नरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार व अमन कुमार भांजा परिवार द्वारा मुख्य मंगल कलश को स्थापित किया। द्वितीय मंगल कलश की स्थापना ताराचंद व हिमांशु कुमार रामनगर वाले ने की। तृतीय मंगल कलश प्रेमचंद व अनिलकुमार गिदोडी ने स्थापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य कपिल शास्त्री ने किया एवं संगीतकार पलक एण्ड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाधि सम्राट आचार्य अभिनंदन सागर महाराज व मुनि अनुशरण सागर महाराज का संगीतमय पूजन णमोकार महिला मंडल, जिनवाणी महिला मंडल, विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल, धर्म प्रभावना महिला मंडल, चंद्रप्रभु महिला मंडल, सखी महिला मंडल, नसिंया मंदिर महिला मंडल एवं युवा मंडल द्वारा भक्ति नृत्य के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मुनि सेवा समिति एवं श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर कमेटी द्वारा अर्घ्य चढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख उधोगपति नीरा जैन, शकुंतला छाबड़ा, मुन्नीदेवी भाणजा, सीमा जैन प्रेस, यामिनी छाबड़ा, अनिता गोयल व अनिता हरभगतपुरा सहित कई महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

# सावन का पहला सोमवार : शिवालयों में गूंजी हर-हर महादेव की गूंज

## मंदिरों में हुए जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट सहित कई धार्मिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भोले की भक्ति के लिए खास श्रावण माह की शुरुआत सोमवार से हो गई है। पूरे माह में कुल पांच सोमवार रहेंगे। पहले सोमवार को शहर के प्रमुख ताड़केश्वर महादेव, झाड़खंड महादेव, जंग्लेश्वर, चमत्कारेश्वर, सदाशिव ज्योतिर्लिंग, रोजगारेश्वर, डबल शंकर महादेव, अंबिकेश्वर महादेव मंदिर, धूलेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट के अनुष्ठान हुए। शिवालयों में सुबह से ही बम-बम भोले की गूंज सुनाई दी। शिव मंदिरों में भक्त जलाभिषेक के लिए सुबह चार बजे से ही लाइनों में लग कर भोले बाबा का जलाभिषेक किया। वहीं मंदिरों पर भी प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह सीसीटीवी लगाकर लगातार मॉनिटरिंग की गई। साथ ही मंदिर समिति की ओर से भी सेवादार लगाए गए हैं। इसके अलावा जयपुर के प्रमुख शिव मंदिरों में फूलों की झांकी सजाई गई और साथ ही गर्मी के मद्देनजर सड़क पर पानी का छिड़काव और छाया की व्यवस्था भी रही। साथ ही गलता तीर्थ के पवित्र जल लेकर सैकड़ों की तादाद में कावड़ यात्राओं की आवाजाही फिर से नजर आई। सोमवार सुबह चार बजे से कांवड़ियों की रौनक दिखाई दी। जयपुर, चाकसू, शिवदासपुरा, बगरू, बस्सी, शाहपुरा, गोविंदगढ़ समेत आसपास से कावड़िए शिव का अभिषेक करने के लिए कावड यात्रा के रूप में यहां पहुंचें। ताड़केश्वर महादेव मंदिर के पुजारी प्रशांत व्यास और विक्रांत व्यास ने बताया कि ताड़केश्वर महादेव की सुबह मंगला आरती की गई। इसके बाद जलाभिषेक के लिए गर्भगृह के गेट खोल दिए गए। पूरे मंदिर परिसर को कोलकाता से मंगवाए विशेष फूलों से सजाया गया है। वहीं हर सोमवार को सुबह भक्तों के सहयोग से 51 किलो घी की जलहरी चढ़ाई जाएगी। रोजाना विशेष फूलों का श्रृंगार, विशेष झांकी सजेगी। सुबह चार बजे से दर्शनों की शुरुआत होगी। झाड़खंड महादेव मंदिर में मेले सा माहौल नजर आएगा। बब्बू सेठ मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी ने बताया कि मंदिर में विशेष रोशनी के साथ ही महिला-पुरुषों की अलग लाइन रहेगी। वहीं वैशाली नगर स्थित सैंकड़ों साल पुराने झारखंड महादेव मंदिर पर भी सावन का पहला सोमवार धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह 4.30 बजे से जलाभिषेक शुरू हुआ जो शाम 4 बजे तक रहा।

**गलता तीर्थ में कांवड़ियों की एक महीने रहेगी चहल-पहल :** गलता तीर्थ में कांवड़ियों की भी पूरे एक महीने चहल-पहल रहेंगी। जयपुर जिले से एक हजार से अधिक कांवड़ यात्राएं गलता जी पहुंचेगी। कांवड के जल से कांवडिये भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। इसके अलावा पुष्कर सहित अन्य जगहों से भी कांवड़ यात्राएं जयपुर पहुंचेगी। गलता तीर्थ के युवाचार्य स्वामी राघवेंद्र ने बताया कि भक्तों को परेशानी न हो इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अन्नक्षेत्र में प्रसादी का इंतजाम भी किया गया है।



## अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड़ के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक अवैध निर्माण हटाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सामुहिक अभियान का आयोजन कर गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट बाईपास रोड़ के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक लगभग 210 स्थाई-अस्थाई अवैध निर्माणों को हटाए गए।

जयपुर शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन को सुगम संचालन हेतु सड़कों पर अस्थायी रूप से किये जा रहे अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक:15.07.2024 से शुरू की गई। जिसमें दिनांक: 22.07.2024 को गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड के दोनों तरफ करीब 8 कि.मी. तक के एरिया में करीब 210 अतिक्रमणों को हटवाया। लगातार कार्यवाही करते हुये कुल 1025 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में उप नियंत्रक-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, 06, पीआरएन (नॉर्थ) के सहयोग से सामेहिक अभियान का आयोजन कर गॉर्वमेन्ट हॉस्टल चौराहे से अजमेर रोड पुलिया से श्याम नगर सब्जी मंडी होते हुए 200 फीट वाईपास रोड. के दोनो तरफ करीब 8 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, लगाये गये चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, तिरपाल, रेलिंग, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 210 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन- 5, पीआरएन (नॉर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-5, 6, पीआरएन (नॉर्थ), पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद के मौलिक सिद्धान्त विषय पर 6 दिवसीय सीएमई कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त विभाग द्वारा दिनांक 22 जुलाई से 27 जुलाई तक शिक्षकों हेतु मौलिक सिद्धान्त विषय पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने की। आयुर्वेद के ग्रन्थों में उल्लेखित विभिन्न सिद्धान्तों को समझकर वर्तमान काल में विभिन्न रोगों के चिकित्सा में उनको कैसे प्रयुक्त करना है यह चिन्तन करने हेतु 6 दिवसीय चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धान्तों से रोग के निदान चिकित्सा संबंधित शाखा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम इस बात की पुष्टि करता है कि यह संस्थान आयुर्वेद चिकित्सा तथा स्वास्थ्य रक्षण के उच्च मानकों को बढावा देने हेतु समर्पित संस्थान है। 6 दिवसीय कार्यशाला में रोगों के कारण एवं चिकित्सा से सम्बन्धित संहिता ग्रन्थों में वर्णित मूलभूत सिद्धान्तों के सम्बन्धित 24 व्याख्यान देश के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा दिये जायेंगे, जिनका उपयोग देश के विभिन राज्यो से कार्यशाला में भाग लेने आये चिकित्सक शिक्षकों के ज्ञानवृद्धि के लिए होगा। डॉ. श्रीनिवास वडियार ने प्रथम व्याख्यान में आयुर्वेद में उल्लेखित ज्वर चिकित्सा के सिद्धान्तों से आधुनिक डेंगू इत्यादी बुखार को कैसे ठीक किया जा सकता है, इस सम्बन्ध में उद्बोधन केस प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दिया। द्वितीय व्याख्यान में प्रो. असित कुमार पांजा ने आयुर्वेद पाण्डुलिपि के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया। तृतीय व्याख्यान में प्रो. बलदेव कुमार धीमा ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. मिता कोटेचा, विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण आयुष विद्यापीठ के पूर्व कुलपति प्रो. बलदेव कुमार धीमान्, विभागाध्यक्ष प्रो. निशा गुप्ता एवं मौलिक सिद्धान्त विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थियों सहित देशभर से आये प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

## मंदिर के पुजारी पर चार माह में दोबारा जानलेवा हमला, हमलावर बेखौफ

### मुरलीपुरा के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी बालकिशन शर्मा के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुरलीपुरा के राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा के साथ रात कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। उन्होंने मुरलीपुरा थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसआई अनिता को जांच सौंपी है। उल्लेखनीय है कि इन्हीं लोगों ने चार महीने पहले भी पुजारी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस प्रशासन को लिखित में शिकायत दी गई थी। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसी का परिणाम है कि गुरु पूर्णिमा की रात को दोबारा घर पर जाकर असामाजिक तत्वों ने मारपीट की। सोमवार को विप्र सेना के विद्याधर नगर अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा, जयपुर उपाध्यक्ष रामबाबू भारद्वाज, नवीन कांवट, हरिओम शर्मा, राकेश शर्मा ने मुरलीपुरा थाने जाकर थानाधिकारी को प्रकरण से अवगत कराया। पुजारी बालकिशन शर्मा पुत्र रमन लाल शर्मा, उम्र 36, निवासी ऋषि कॉलोनी मुरलीपुरा ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई को वह घर पर था। मोबाइल पर पृथ्वी सिंह का फोन आया। (मोबाइल नंबर 9828559852) उसने मुझे घर के बाहर बात करने के लिए बुलाया। बात करने के लिए मैं अपने घर से बाहर आ गया। कुछ देर बाद पृथ्वी सिंह, दीप सिंह राठौड़, मोनू शेखावत, शेरा राठौड़ एवं अन्य व्यक्तियों ने मिलकर मुझे अपनी गाड़ी में जबरन बैठाने की कोशिश की। मैने अपने आप को जैसे तैसे बचाया। इन सबने मुझे पकडक़र मारपीट की। मुझे नीचे सडक़ पर गिराकर लात-घूंसों से बुरी तरह से मारा। मेरी पत्नी कोमल शर्मा मुझे बचाने के लिए घर के बाहर आयी तो इन लोगों ने मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट की। मेरे और पत्नी के चिल्लाने से कॉलोनी वाले इकठ्ठा हो गए। लोगों के मेरी तरफ आते देखकर ये सब कार में बैठकर भाग गए। जाते वक्त ऐलानिया धमकी देकर गए कि पंडित सुबह मंदिर पहुंचने से पहले जान से नहीं मार दिया तो देखना। इन लोगों से मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है। पं. बालकिशन शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 126 (2), 115(2), 352, 189 (2) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पटवारी बनकर साइबर ठग ने सरकारी योजना से जोड़ने की कहकर लिंक क्लिक करवा कर खाते से निकाले छह लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में साइबर ठग ने पटवारी बनकर एक व्यक्ति से छह लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि साइबर ठग ने एक व्यक्ति को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर पटवारी बनकर फोन किया और सरकारी योजना से जोड़ने की कहकर मैसेज लिंक पर धोखे से क्लिक करवा कर उसके खाते से छह लाख रूपये की नकदी निकाल ली। पीडित को ठगी का पता मोबाइल पर आए मैसेज से चला। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि मीनावाला सिरसी रोड निवासी गोपाल सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके वॉट्सऐप पर किसान निधि योजना से जोड़ने के लिए मैसेज आया। मैसेज आने के कुछ देर बाद मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि वह उनके गांव से पटवारी है और आपको किसान निधि योजना से जोड़ना है। इस योजना से जोड़ने के लिए मैसेज में दिए लिंक पर क्लिक करवाया। इसके बाद बैंक खाते से 6 लाख 10 हजार रुपए निकाल लिए। बैंक खाते से रुपए निकलने का मोबाइल पर मैसेज आने पर पीडित को ठगी का पता चला। इस पर पीड़ित ने थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## ड्रिंक एंड ड्राइव केस में जब्त बाइक पुलिस कस्टडी से गायब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** हरमाड़ा थाना पुलिस कस्टडी से जब्त बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। रिलीज ऑर्डर लेकर पहुंचने पर जब्त बाइक गायब मिलने पर चोरी का पता चला। ड्रिंक एंड ड्राइव केस में हरमाड़ा थाना पुलिस ने बाइक को जब्त किया था। जब्त बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज पुलिस ने तलाश शुरू कर दी थी।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल चौथमल ने बताया कि अम्बेडकर नगर उदयपुरिया निवासी कालूराम की जब्त बाइक पुलिस कस्टडी से चोरी हो गई। 6 मार्च 2023 को ड्रिंक एंड ड्राइव केस में हरमाड़ा थाना पुलिस ने बाइक जब्त की थी। जब्त बाइक को हरमाड़ा थाने से करीब दो सौ मीटर दूर हेड पोस्ट पर पुलिस कस्टडी में खड़ा किया गया था। हेड पोस्ट में घुसकर बदमाश जब्तशुदा बाइक चोरी कर ले गया। 10 जुलाई 2024 को कोर्ट से बाइक के रिलीज ऑर्डर लेकर बाइक ऑनर कालूराम हरमाड़ा थाने पहुंचा। थाने से बाइक की चाबी लेकर हेड पोस्ट पहुंचने पर बाइक गायब मिली। पुलिस कस्टडी से जब्त बाइक चोरी का पता चलने पर वहां तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में बाइक को तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला एक वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराए गए छह दुपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित से जयपुर शहर में बीस से अधिक दुपहिया वाहन चुराना कबूला है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर चंदन सिंह निवासी नैनवा जिला बूंदी को अमन सर्किल के पास सीतापुरा से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पूछताछ कर उसकी निशानदेही के आधार पर छह चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित जयपुर शहर में सीतापुरा रीको,महल रोड प्रताप नगर, जवाहर सर्किल,सांगानेर,झोटवाड़ा और करधनी थाना इलाके से अब तक बीस से अधिक दुपहिया वाहन चुरा चुका है और साथ ही दस से अधिक दुपहिया वाहनों की चोरी कर एक साथ जयपुर से दूसरे शहर में ले जाकर बेचने का प्लान बनाकर एक खंडहर सूने मकान में छिपा रखी थी। इसके अलावा आरोपित नशा करने का आदि है जो नशा की पूर्ति के लिए वाहन चोरी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## युवक की हत्या कर शव कचरे के ढेर में फेंका!

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिप्रापथ थाना इलाके में हफ्तेभर पहले एक युवक की हत्या कर शव को कचरे के ढेर में फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान के साथ ही लाश के पास नशे के इंजेक्शन भी पड़ा मिला था। पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने मृतक के पिता की ओर से हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

थानाधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि मृतक प्रियांशु मीना (19) पुत्र गजेन्द्र कुमार मीना हाथोज के नारायण सिटी का रहने वाला था और 13 जुलाई की सुबह पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंचने पर शिप्रापथ रोड स्थित नाले के पास कचरे के ढेर में युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान प्रियांशु मीना के रूप में हुई।उसकी बाइक भी कुछ दूरी पर खड़ी थी। लाश के पास नशे के इंजेक्शन पड़े मिले थे। पुलिस ने एफएसएल टीम बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया गया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में नशे के ओवर डोज से मौत होना सामने आया था। वहीं इधर मृतक के पिता गजेन्द्र कुमार मीना ने बेटे प्रियांशु की हत्या करने का शक जाहिर किया है और कचरे में संदिग्ध हालत में मृत प्रियांशु पड़ा मिला था। उसकी शर्ट-पेंट के बटन और बेल्ट खुला हुआ था। छाती पर नाखून के निशान थे। पीठ पर तीन जगहों पर हल्की चोट के निशान थे। शरीर पर कई जगहों पर नील पड़ी हुई थी। चेक करने पर प्रियांशु का मोबाइल गायब मिला। प्रियांशु की हत्या कर शव को कचरे में डाल दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे प्रियांशु की हत्या अभिषेक उर्फ भोला व उसके दोस्तों ने की है। नशे के ओवरडोज का इंजेक्शन लगाकर प्रियांशु की हत्या की गई। कहीं ओर हत्या करने के बाद कार में डालकर शव को कचरे के ढेर में ठिकाने लगा गया। उसके बाद अभिषेक उर्फ भोला ने अपने साथी के साथ मिलकर प्रियांशु की बाइक को लाश के पास लाकर खड़ा कर दिया। हत्या की पूरा प्लान प्रियांशु का चार दिन पहले खरीदे एक लाख रुपए के आई फोन के लिए किया गया। प्रियांशु के मोबाइल को उसकी हत्या के दूसरे दिन ही बेच दिया था। ढूंढते हुए खरीदार तक पहुंचने पर प्रियांशु का मोबाइल भी मिला। सीसीटीवी फुटेज में हत्यारे प्रियांशु की शव को ठिकाने लगाने के बाद बाइक खड़ी करने आते दिखाई दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है।

## राजस्थान में मजबूती से निगम चुनाव और पंचायत चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी : नवीन पालीवाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान में अगले साल होने वाले निगम और पंचायत चुनाव की तैयारियों में आम आदमी पार्टी अभी से जुट गई हैं। इसके चलते सोमवार को जयपुर में आम आदमी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। जिसमें संगठन विस्तार और निगम चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया राजस्थान में आगामी सभी चुनाव आम आदमी पार्टी मजबूती से लड़ेगी। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन की समीक्षा की गई है और सक्रिय लोगो को जिम्मेदारी देकर पार्टी को मजबूत करेंगे। बैठक में निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेशभर के नेताओं ने मंथन किया और सभी की जिम्मेदारियां तय की गई। जल्द सभी जिलों के मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार करेंगे और मजबूती से आगामी सभी चुनाव लडेंगे।

## झाड़ियों में मिला युवक का शव : प्रथम दृष्टया जांच में जहर के सेवन से हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौलतपुरा थाना इलाके में सोमवार सुबह रोड किनारे झाड़ियों में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शव के मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में जहर के सेवन से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। थानाधिकारी मनीष शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजे न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में रोड किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर सबूत जुटाए। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन पता नहीं चल सका। वहीं मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में जहर के सेवन से युवक की मौत हुई है। देखने से लाश एक दिन पुरानी लग रही है। मृतक की उम्र करीब 40-45 साल है। उसके पैरों में चप्पल भी नहीं थी।

# देवली में रविवार को 20 मिनट की झमाझम बारिश से शहर, घरों में पहुंचा गंदे नाले का पानी

## 5 जुलाई को बाढ़ जैसे हालातो पर प्रशासन ने नहीं लिया सबक

- 20 मिनट की झमाझम बारिश से गली मोहल्ले फिर हुए जलमग्न।
- नालों की सफाई मे भ्रष्टाचार के कारण 15 दिन बाद फिर से बने बाढ़ जैसे हालात।

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** यहां रविवार की देर शाम को हुई 20 मिनट की झमाझम बारिश से शहर के घरों और गली मोहल्ले में गंदे नालों का पानी घुस गया। इसका मुख्य कारण यह रहा कि नगरपालिका प्रशासन ने कागजों में ही शहर के छोटे बड़े नालों की सफाई करवा कर इति श्री कर डाली । जिसके कारण शहर मे रविवार की शाम को हुई मामूली बारिश से गली मोहल्ले फिर से जल मग्न हो गए और कई दर्जनो घरों और दुकानों में गंदे नाले के कीचड़ का पानी घुस गया। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने शहर में नालों की सफाई के नाम पर लाखों का खर्च कैश बुक में इंद्राज किया हुआ है । लेकिन शहर के 80 प्रतिशत छोटे बड़े मुख्य नालों की सफाई नहीं हो सकी है। यहां नालों की पूर्णता सफाई नहीं होने का मुख्य कारण है यह कि नगर पालिका प्रशासन ने शहर के मुख्य नालों पर अतिक्रमणियों की दुकाने और मकान बनवा दिए हैं। जिन मुख्य नालों से बारिश के पानी की निकासी होकर नेकचाल के तालाब तक पहुंचती थी । उन पर नगर पालिका प्रशासन की मेहरबानी से अतिक्रमण का साम्राज्य कायम हो चुका है । शहर के मुख्य नालों पर अतिक्रमण का पक्का निर्माण होने से नालों की सफाई किए जाने के दौरान सफाई कर्मचारी और ठेकेदार को कई गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई जगह तो अतिक्रमणकारियों और सफाई कर्मचारी के बीच लड़ाई झगड़े की नौबत बन आती है । हालांकि इसमें कसूर सफाई कर्मचारी या सफाई ठेकेदार का नहीं है। क्योंकि शहर के अधिकांश मुख्य नालों पर पालिका प्रशासन की मंजूरी से बहु मंजिला भवनों के निर्माण हो चुके हैं । शहर के 80 प्रतिशत मुख्य नालों पर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हो जाने के कारण से पालिका प्रशासन स्वयं नालों की सफाई कराने में नाकाम बना हुआ है। परंतु सफाई के नाम का खर्च कागजों में पूरा-पूरा इंद्राज जरूर कर लिया जाता है। रविवार को हुई 20 मिनट की मामूली बारिश के कारण शहर के इलाकों में बारिश का पानी फिर से जमा हो जाने पर जब पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा को उक्त हालातो की जानकारी देने के लिए मोबाइल पर फोन पर फोन किए गए । लेकिन बेफिक्र उक्त अधिकारी ने लोगों के और मीडिया के फोन रिसीव तक नहीं किये और हालत गंभीर होते चले गए । ऐसे में शहर में फिर बाढ़ जैसी स्थित की जानकारी उपखंड अधिकारी को दी गई । तो इस पर उपखंड अधिकारी से जवाब मिला कि वह जलमग्न क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं । अब ऐसे में उपखंड अधिकारी ने जलमग्न क्षेत्र का दौरा करते हुए पालिका प्रशासन को क्या आदेश दिए यह जानकारी नहीं मिल सकी । गौरतलब है कि यहां पालीका प्रशासन या उपखंड प्रशासन ने बाढ़ आपदा जैसी गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए कोई तैयारी नहीं की हुई है।

इसका जीता जागता सबूत यह है कि शहर में कुछ मिनट की झमाझम बारिश आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख देती है। गौरतलब है कि 5 जुलाई को शहर में हुई 7 इंच बारिश ने बाढ़ की स्थिति पैदा कर दी थी। इस दौरान उपखंड प्रशासक और पालिका प्रशासन ने उक्त हालातो को बखूबी समझा और देखा बावजूद इसके पालिका प्रशासन ने इन 15 दिनों के भीतर शहर के मुख्य नालों से अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की जिससे नालों की सफाई हो सके।

# देवली में लगातार एक के बाद एक दो दर्जन मोटरसाइकिलें हो गई चोरी पुलिस बनी हुई है सुस्त

## बाइक चोर पकड़ने में पुलिस विफल, बाइक चोरी लगातार जारी

## बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने में पुलिस बरत्ती है कोताही

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** पिछले 6 माह के भीतर देवली पुलिस थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातें बढ़ती चली जा रही है। ऐसे हालातो के बावजूद पुलिस का सुस्त रवैया बना हुआ है। इस कारण बेखौफ चोर पुलिस की मुस्तेदी के बीच चोरी की वारदात दर वारदात अंजाम को दे रहे हैं तो वहीं पुलिस ऐसे चोरों को पकड़ने में नाकाम बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि यहां पिछले 6 माह के भीतर दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें घटित हो गई है। जिससे अन्य वाहन मालिकों में चोरों का भय देखा जा सकता है । और इधर पुलिस चोरी की वारदातों का खुलासा करने की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी बाइक चोरों की सक्रियता को निहार रही है क्यों, ? या यूं कहे की पुलिस मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने में पूरी तरह विफल बनी हुई है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद पुलिस पस्त और चोर मस्त हो रहे हैं । अभी हाल ही में शहर के विवेकानंद कॉलोनी से घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। इसको लेकर थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज किया गया है। जैसा कि हमेशा होता आ रहा है। इसलिए की थाना पुलिस मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट तो दर्ज कर लेती है लेकिन चोरों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में पुलिस का चोरी की वारदातों पर अंकुश नही लगने से यहां आमजन परेशान है । जबकि शहर में एवं आस पास क्षेत्र में लाखों की चोरियां होने का मामला पुलिस के सामने आया हुआ है। ऐसे में यहां देखने वाली बात तो यह है कि इस वर्ष जनवरी से जून माह तक इन छह माह की अवधि के भीतर दो दर्जन करीब मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें घटित हो चुकी है। इसी के साथ पुलिस से बेखौफ चोर दिनदहाड़े अन्य छोटी मोटी चोरी की वारदातों को भी अंजाम दे चुके हैं । जबकि उन क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। जहां चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की सक्रियता को ठेंगा दिखाया है। जिनके फुटेज आसानी से थाने पर देखा जाता है। इसके अलावा शहर के अधिकांश प्रतिष्ठानों पर भी अब तो खुफिया कैमरे लगे है। जानकारी के अनुसार शनिवार को भी मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा थाने में दर्ज हुआ है। यहां चोरी की वारदात से पीड़ित प्रमोद कुमार जैन पुत्र पारस मल निवासी विवेकानंद कॉलोनी देवली ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी है । जिसमें बताया कि 14 जुलाई को घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी की थी ।जिसको अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि यहां घटना के छह दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जबकि जुलाई माह में चोरी की आधा दर्जन वारदाते यहां घटित हो चुकी है। साथ ही जनता कॉलोनी में मकान से सोने चांदी के जेवरात व नकद राशि की चोरी होना ,2 जुलाई को जनता कॉलोनी से ही बाइक चोरी होना,चर्च रोड पालिका लाइब्रेरी से 3 जुलाई को मोटरसाइकिल चोरी होना ,7 जुलाई को कॉलेज के सामने मेडिकल स्टोर से छत की केबिन का चद्दर काटकर गल्ले से नकद राशि चोरी होना ,18 जुलाई को जयपुर रोड शिव कॉलोनी के मकान में चोरी होना 20 जुलाई को पटेलनगर के बालिका विद्यालय से मोटरसाइकिल चोरी की घटना घटित होना। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस से बेखौफ चोरों में पुलिस का कोई डर दिखाई नहीं पड़ रहा है। इस कारण यहां आमजन भयमुक्त नही है । शायद पुलिस की कमजोर गस्त को देख चोर मस्त होकर एक पर एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है ।

# 6 साल की बच्ची को ड्यूल चैम्बर पेसमेकर इम्प्लांटेशन के माध्यम से मिला नया जीवन

- ड्यूल चैम्बर पेसमेकर ट्रांसप्लांट के लिए इस बच्ची को नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा
- इस चुनौतीपूर्ण मामले को सफलतापूर्वक पूरा कर नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने नई उपलब्धि हासिल की

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने हाल ही में एक चुनौती पूर्ण मामले का सफलतापूर्वक इलाज किया। जिसमें नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया के माध्यम से एक बच्ची में ड्यूल चैम्बर पेसमेकर का इम्प्लांटेशन हुआ और आखिरकार बच्ची को नया जीवन मिला। इसके लिए नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में एक विशेष टीम बनाई गई थी, जिसमें सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी डॉ. प्रशांत महावर, सीनियर कंसलटेंट कार्डियोलॉजी और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी डॉ. विनोद पूनिया और सीनियर एनेस्थेटिक्स शामिल थे। बच्ची को जन्मजात हृदय रोग था और कुछ साल पहले ही उसकी ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी थी। लेकिन हाल ही में उसे सांस लेने में कुछ समस्या होने लगी, तब उसके परिजन उसे नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर लाए तो उसे पहले से मौजूद पेसमेकर में लीड की खराबी के कारण हृदय में रुकावट और 25 प्रति मिनट की बहुत कम हृदय गति की शिकायत बताई गई। डॉक्टर्स ने उसे तुरंत अस्थायी पेसमेकर लगाया, ताकि सामान्य हृदय गति बनी रहे, और साथ ही डॉक्टर फिर से प्रक्रिया करने का तरीका ढूंढ रहे थे। सबसे बड़ी चुनौती उसका वजन था, जो केवल 19 किलोग्राम था । क्योंकि वह पहले ही ओपन सर्जरी से गुजर चुकी थी, इसलिए अब डॉक्टर्स के पास केवल एक ही विकल्प बचा था, वह था कॉलरबोन के माध्यम से प्रोसीजर करना। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत महावर ने कहा कि मामला चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बच्ची की उम्र सिर्फ 6 साल थी और वजन 19 किलोग्राम से भी कम था, साथ ही उसकी पहले भी सर्जरी हो चुकी थी। हमने कैथ लैब में ड्यूल चैम्बर पेसमेकर के इम्प्लांटेशन की योजना बनाई। यह मामला बच्ची को बचाने के लिए पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट, एनेस्थेटिक और कैथ लैब टीम के बहुविशिष्ट टीम प्रयासों का प्रतीक है। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सीनियर कार्डियोलॉजी और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. विनोद पूनिया ने कहा कि हमने बच्ची में एक ड्यूल चैम्बर पेसमेकर लगाने का विकल्प चुना, ताकि यह बढ़ती बच्ची में हृदय पंपिंग की दक्षता में सुधार के लिए एट्रिया और वेंट्रिकल को बेहतर ढंग से सिंक्रनाइज़ कर सके।

प्रक्रिया फ्लोरोस्कोपी के तहत सफलतापूर्वक की गई और कार्डियक सर्जरी की आवश्यकता और इससे जुड़े जोखिमों को खत्म कर दिया गया। डॉ. प्रदीप कुमार गोयल, क्लीनिकल डायरेक्टर, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने बताया कि, हमारी प्रतिबद्धता चिकित्सा प्रक्रिया में उपलब्धियों से कई ज्यादा आगे मरीजों के लिए समर्पित रहना है। नियमित फॉलो-अप, सर्जरी के बाद की देखभाल और निरंतर सहायता हमारे उपचार प्रोटोकॉल का अभिन्न अंग हैं। हम सिर्फ मरीज का इलाज नहीं करते; हम व्यक्ति की देखभाल भी करते हैं।

## जोश व उल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

# जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिले में स्वतंत्रता दिवस जोश व उल्लास से मनाया जाएगा। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में जिला मुख्यालय पर होने वाले जिला स्तरीय समारोह के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस आजादी का उत्सव है। जीवन का मूल आजादी में ही निहित है। हम आजादी का जश्न मनाएं तथा अधिकतम लोगों की मुख्य समारोह में भागीदारी हो। खुली हवा में सांस लेने का उत्सव मनाएं और अपनी देशप्रेम की भावनाओं की अभिव्यक्ति करें।

उन्होंने कहा कि समारोह में कार्यक्रमों का आयोजन इस प्रकार हो कि नई पीढ़ी में देशभक्ति व आजादी के संघर्ष के पीछे की मूल भावना का संचार हो। हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत का महत्व नई पीढ़ी तक पहुंचें।

स्वतंत्रता दिवस पर सम्मनित होने वाले कार्मिकों के लिए समय से नाम भिजवाए जाएं तथा ध्यान रहे कि अच्छे, कर्मठ व उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले कार्मिक को सम्मान मिले। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यालयों में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण तथा समारोह के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, बिजली एवं सफाई व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्राण, आवागमन सहित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस दौरान सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, डीएफओ भवानी सिंह, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, एडीपीआर कुमार अजय, लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन कंवर दलीप सिंह, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, डीएसओ सुरेन्द्र महला, पीएचईडी एसई रमेश राठी, उम्मेद गोठवाल, डॉ मूलचंद, शिवभगवान सैनी, रामूराम बुंदेला, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# घर-घर पौधा अभियान के तहत 30 परिवारों को 100 पौधे किए वितरित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( नि.स. )।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के द्वारा चलाए जा रहे घर-घर पौधा अभियान के तहत ग्राम आंतेला के आस पास ढाणियों में 30 परिवारों कोअशोक,नीम, अर्जुन और नींबू के 100 पौधे वितरित किए गए। जयपुर ग्रामीण के वरिष्ठ भाजपा नेता इंजीनियर बाबूलाल जाट ने अभियान की सराहना करते हुए कहा घर-घर पौधा अभियान बहुत उपयोगी अभियान है पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को सघन वृक्षारोपण के लिए आगे आना चाहिए आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण बड़ी चुनौती है समय रहते सरकार और आमजन पर्यावरण पर ध्यान दें। इंजीनियर बाबूलाल ने घर-घर पौधा अभियान के लिए 2000 पौधे उपलब्ध करने की भी बात कही पवन शर्मा ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देते हुए पेड़ पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी इस दौरान वैद्य रामकरण जाट, एडवोकेट राहुल मोदी, सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश मीणा,नागर योगी, सुभाष चंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** स्थानीय एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय संस्थापक दयाशंकर शर्मा एवं मार्गदर्शक नथमल धर्ड़ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर एवं पुष्पांजलि अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें गुरु की महिमा एवं महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति हमें जीवन में किसी भी क्षेत्र में कुछ भी सीखाता है या ज्ञान देता है वह हमारा गुरु होता है और हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

# भवसागर से पार करने वाली है रामायण : पंडित सोहनलाल

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** श्री झीडा वाले बालाजी मंदिर में महंत सांवरमल व्यास पुजारी पंडित सोहनलाल शर्मा के सानिध्य में श्रावण मास के आरम्भ पर एक मास परियंत अखंड रामचरित मानस पाठ क्षेत्र की खुशहाली की कामना हेतु आरम्भ किया गया। जिस दौरान डां श्री कृष्ण शास्त्री बाडीजोडी के द्वारा विधी विधान से हनुमान भगवान की पूजा करवा कर रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया ।रामायण कार्यक्रम के दौरान जगदीश मीणा महादेव यादव पूर्व प्रधान ललीत गोयल पूर्व पार्षद महेंद्र राठी शक्ति सिंह शेखावत रामेश्वर खोजा पुष्कर शर्मा दीपक कुमावत अमीलाल राठी गिरधारी यादव महावीर फौजी कैलाश सिंह शेखावत सहित अनेको भक्त गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समयबद्ध हो आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता व बजट घोषणा क्रियान्विति : सत्यानी

## जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने आवश्यक सेवाओं, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर बैठक में दिए निर्देश, एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया सहित अधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में बिजली, पानी व चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध हो। आमजन को बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं समुचित मिलें। बिजली कटौती आदि की शिकायतों पर डिस्कॉम के अधिकारी, कर्मचारी आमजन की समस्याएं सुनें तथा हर समय फोन उठाएं। पेयजल व बिजली से संबंधित शिकायतों में यथाशीघ्र कार्रवाई हो तथा आमजन को राहत प्रदान करें। इसी के साथ मानूसन को देखते हुए समुचित चिकित्सकीय सुविधाएं सुनिश्चित करें । मौसमी बीमारियों के बारे में आमजन को जागरूक करते हुए बेहतरीन ढंग से चिकित्सकीय प्रबंधन करें। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की चर्चा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में भूमि आंवटन, डीपीआर बनाने व राज्य स्तर पर पत्राचार सहित आवश्यक कार्यवाही प्रभारी सचिव द्वारा निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधाओं के लिए प्रशासन संवेदनशील है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं में की जाने वाली गतिविधियों में त्वरितता बरतें तथा बजट घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर क्रियान्वित करें ताकि आमजन को सुविधाएं मिलें। उन्होंने सभी विभागों से गतिविधियों की चर्चा करते हुए सानिवि के अधिकारी अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर की।

# पुलिस हेड कांस्टेबल आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की धौलपुर टीम ने सोमवार के कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सरमथुरा जिला धौलपुर के पुलिस हेड कांस्टेबल केदार सिंह को परिवादी से आठ हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की धौलपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में मदद करने, नाम निकालने एवं मामला रफा-दफा करने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल केदार सिंह दस हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की धौलपुर टीम के पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल केदार सिंह को आठ हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रैक्टर ड्राइवर ने बैक लेकर 3 बाइक को कुचला, मेडिकल शॉप के काउंटर से टकराया; लोगों ने भागकर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के बाड़ी में सरकारी हॉस्पिटल के सामने ट्रैक्टर ड्राइवर ने बैक लेते समय तीन बाइकों चपेट में ले लिया। मेडिकल की दुकान पर खड़े ग्राहक और केमिस्ट बाल-बाल बच गए। घटना के बाद भीड़ जुटती देख कर ड्राइवर ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। दवा विक्रेता दिनेश उपाध्याय पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा ने बताया- मेरी रवि मेडिकल के नाम से अस्पताल के ठीक सामने दवाई की दुकान है। दवाई की दुकान पर जब वह उपभोक्ताओं को दवाई दे रहे थे अचानक से बसेड़ी रोड से एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दुकान के ठीक सामने रखी तीन बाइकों को बैक लेते समय चपेट में लिया और काउंटर में टक्कर मार दी। इस दौरान दुकान पर खड़े लोगों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई। काउंटर सहित दुकान का अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। यातायात प्रभारी किलेदार सिंह ने बताया- मौके पर पहुंच ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। दवा विक्रेता दिनेश उपाध्याय पुत्र रामेश्वर दयाल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है।

## ग्राम सामौर को आंगनबाडी भवन निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि ग्राम सामौर तहसील राजाखेडा की आ.ख.न. 776/719 रकबा 74.2343 हैक्टे. में से 2.0253 हैक्टे. किस्म चारागाह भूमि की किस्म खारिज कर राजस्थान भू राजस्व नियम 1963 के के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केन्द्र सामौर द्वितीय भवन के निर्माण हेतु निःशुल्क आवंटित की गई है। चारागाह भूमि के क्षतिपूर्ति हेतु तहसील राजाखेड़ा के ग्राम सामौर की आ.ख.न. 646 रकबा 0.6703 हैक्टेयर में से 0.0253 हैक्टे. किस्म गै.मु.बीहड़ भूमि को चारागाह दर्ज किये जाने के आदेश दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भूमि मौके पर खाली है तथा वर्तमान में उक्त आराजी पर किसी प्रकार को कोई विवाद स्थगन व किसी भी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन नहीं है। उक्त खसरा नम्बर जल भराव व डूब क्षेत्र में भी नहीं है व उक्त आराजी प्रतिबंधित क्षेत्र में नहीं है। प्रस्तावित भूमि तक पहुंच मार्ग उपलब्ध है।

## जिले में हरियाली तीज पर एक साथ 02 लाख 50 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हरियाली तीज पर एक साथ 02 लाख 50 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिले में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 07 अगस्त हरियाली तीज के अवसर पर जिले में 02 लाख 50 हजार से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्व में ही आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते पौधों के लिए गड्ढे खोदे जायें। कलेक्टर ने कहा कि आज तक लगाए गए पौधों का मोबाईल एप्लीकेशन से जिओ टैग करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस महत्वाकांक्षी पहल को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान में हमारा लक्ष्य ना केवल अधिक से अधिक पौधे लगाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि वे पौधे जीवित रहें और फल-फूल सकें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों की जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक लागू करे और इसकी निगरानी करें।

### महिलाओं की विशेष भागीदारी हो सुनिश्चित

इस कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाये। जिसमें महिला जनप्रतिनिधि, महिला अधिकारी/कर्मचारी, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा सहयोगिनी, राजीविका सखी, नरेगा महिला मेट, महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, स्कूल एवं कॉलेज की छात्रायें आदि हर स्तर के कार्यक्रम में भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में महिलाओं को जोड़ जाये। साथ ही जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए प्रत्येक गांव में वृक्षारोपण किया जायें।

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध हो क्रियान्वयन : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि , जिले के विभागों के अधिकारीयों को उपखंड अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए बजट घोषणाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि चिन्हिकरण और आवंटन जैसे कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित विभागों के अधिकारी उपखंड अधिकारीयों से समन्वय कर अपने क्षेत्र की बजट घोषणाओं की नियमित समीक्षा करें। किसी प्रकार की परेशानी हो तो, तत्काल बताएं। आपसी समन्वय की कमी के कारण बजट घोषणा के किसी कार्य की गति प्रभावित नहीं हो, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार पूर्णतया प्रतिबद्ध है और उच्च स्तर पर इसका नियमित फीडबैक लिया जाता है।उन्होंने संपर्क पोर्टल की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए कहा कि 90 दिन से ज्यादा की शिकायतों पर विशेष ध्यान देकर उनका समाधान करें। सभी अधिकारियों को संपर्क पोर्टल को रोजाना चेक कर अपने विभाग की मॉनिटरिंग एवं परिवादों का नियमित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधारोपण की प्रगति की समीक्षा की तथा लगाए गए सभी पौधों की राज जिओ ट्री एप के माध्यम से सभी पौधों की जिओ टेग करने के लिए कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मेडिकल विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति, मौसमी बीमारियों के रोकथाम की स्थिति, एंटी लार्वा एक्टिविटी बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड वितरण की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए तथा बीसीएमएचओ के नेतृत्व में टीम में गठित कर सभी चिकित्सा संस्थाओं का औचक निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए।पीडब्ल्यूडी विभाग को रास्तों का सर्वे तथा चिन्हित कर उन्हें रेवेन्यू रिकॉर्ड में दर्ज करने, विभिन्न निर्माणाधीन रोड़ कार्यों की स्थिति पर चर्चा की तथा जिन रास्तों पर विवाद है उन्हें जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर समझाइश कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता आर के बंसल, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता गौतम मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रामकरण मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सतपाल यादव, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक एमके जैन, पशुपालन विभाग के उप निदेशक हरीश गुर्जर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सडक़ निर्माण की मांग को लेकर धरना शुरू

### आरएसआरडीसी प्रोजेक्ट ऑफिसर खेताराम चौधरी व नायब तहसीलदार नानूराम यादव पहुंचे धरना स्थल, धरणार्थियों को सडक़ निर्माण की स्वीकृति का दिया आदेश

**03 करोड़ 68 लाख 52 हजार रुपये की लागत से होगा सडक़ का निर्माण, धरणार्थियों ने किया धरना स्थगित**

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम नारेहड़ा में सडक़ निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को धरना शुरू किया गया। ग्रामीणों ने प्रात: 08 बजे श्री श्याम बाबा मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर बाजारों व गांव में पीले चावल बांटकर लोगों से धरने में आने का आग्रह किया। जिसके बाद ओमसिंह लम्बरदार व खड़ब पूर्व सरपंच गोकुल आर्य ने विधिवत फीता काटकर धरना शुरू किया। धरनार्थियों ने धरना स्थल छोडक़र सडक़ के बीचों बीच हाथों में तिरंगा व बैनर लिए विरोध प्रदर्शन किया। जिसके करीब डेढ़ घंटे बाद सरूण्ड थाना अधिकारी इमरान खान ने मौके पर पहुंचकर आरएसआरडीसी द्वारा रोड़ स्वीकृति का आदेश धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास को दिखाया व समझाईश के बाद चक्का जाम खुलवाया एवं धरणार्थियों से धरना समाप्त करने के लिये कहा। ओमसिंह लम्बरदार ने कहा कि चक्का जाम तो खोल दिया गया है, लेकिन प्रशासन व आरएसआरडीसी के अधिकारियों द्वारा जब तक रोड़ स्वीकृति का आदेश नहीं देंगे तब तक धरना चलता रहेगा। जिसके बाद आरएसआरडीसी प्रोजेक्ट ऑफिसर खेताराम चौधरी व नायब तहसीलदार नानूराम यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर स्वीकृति आदेश लिखित में देकर बताया कि 03 करोड 68 लाख 52 हजार रुपये की लागत से सडक़ का निर्माण करवाया जायेगा। जिसकी लम्बाई 1200 मीटर व चौड़ाई 10 मीटर होगी। कार्य पूर्ण होने में चार माह का समय तय किया गया है, जिसका टेंडर 01 अगस्त को ओपन होगा। धरनार्थियों को प्रोजेक्ट ऑफिसर व नायब तहसीलदार ने ज्यूस पिलाकर धरना स्थगित कराया। धरना की अध्यक्षता कर रहे ओमसिंह लम्बरदार ने विधिवत् धरना स्थगित करने की घोषणा की। संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने आभार प्रकट किया। इस दौरान छाजू नारायण, लक्ष्मीचंद मीणा, मदन सिंह, विरेंद्र सिंह, महेंद्र यादव, तेजपाल सिंह, रुपेश शर्मा, लक्ष्मण यादव, देवा रावत, जलेसिंह रावत, पूर्व सरपंच उमराव जाट, मदन लाल योगी, भूपसिंह धानका, जीतू यादव, लालचंद मिस्त्री समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कोटपूतली निजी शिक्षण संस्था संघ की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** निजी शिक्षण संस्था संघ की बैठक सोमवार को अध्यक्ष रतन लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें नव नियुक्त सीबीईओ जोगेंद्र सिंह राठी को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के सभी सदस्यों ने सीबीईओ कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त सीबीईओ जोगेंद्र सिंह राठी का माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। इस दौरान मुरलीराम गुर्जर, बद्री प्रसाद शर्मा, जोशपी जकारिया, रमेश सराधना, देवराज कुमावत, रामस्वरूप सैनी, योगेन्द सिंह यादव, महावीर यादव, सुरेंद्र मीना, सुनील बासनीवाल, सुरेश शर्मा, हितेश गुप्ता, कर्मवीर जाट, श्रीराम स्वामी, हृदयेश शर्मा, सुनील सैनी, दुर्गा प्रसाद मिश्रा समेत अनेक संचालक उपस्थित रहे।

## विस्फोटक से अवैध खनन, पुलिस ने जंगल में डाली रेड : 30 जिलेटिन की छड़ और हाइड्रा मशीन जब्त, आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सरमथुरा थाना पुलिस ने आसाराम आश्रम के पीछे के जंगलों में अवैध खनन पर कार्रवाई की। पुलिस मौके से विस्फोटक पदार्थ और हाइड्रा मशीन को जब्त कर उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद एएसआई लाखन सिंह को आसाराम आश्रम के पीछे की जंगलों में भेजा गया था। जहां पुलिस की टीम को विस्फोटक के जरिए विस्फोट कर अवैध खनन होता हुआ मिला। पुलिस को मौके पर अवैध खनन करते हुए हाइड्रा मशीन और कंप्रेसर लगा ट्रैक्टर मिला। जिससे जब्त कर ड्राइवर निवोई लाल (51) पुत्र श्यामलाल निवासी बिझौली को गिरफ्तार कर लिया। मौके से विस्फोटक पदार्थ 55 मीटर लाल बत्ती के साथ 30 जिलेटिन की छड़ भी जब्त की गईं हैं। जिसे सुरक्षित रखवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन के आरोपी के खिलाफ अवैध खनन के साथ विस्फोटक अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर, ( नि.स. )।** शहर के हथियापोर मोहल्ले में स्थित सार्वजनिक खंडे की अथाई पर रविवार की रात गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हिंदू संगठनों द्वारा मोहल्ले वासियों के सहयोग से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस पाठ में मोहल्ले के लोगों के साथ तमाम हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारी मौजूद रही। कार्यक्रम रविवार शाम 7 बजे से शुरू हुआ जो रात 10 बजे तक जारी रहा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हुए संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी अंजनी पाराशर ने बताया कि खंडे की अथाई पर यह आयोजन रविवार रात को किया गया। इनसे पूर्व भी कई धार्मिक आयोजन यहां हो चुके हैं। इस आयोजन में मातृशक्ति,दुर्गा वाहिनी के साथ समस्त धार्मिक और सामाजिक समितियां के पदाधिकारी कार्यकर्ता और मोहल्ले के लोगों ने भाग लिया।

# निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर

बढ़ता राजस्थान




**अलवर( का.स. )।** डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर व जिला अंधता निवारण समिति अलवर एवं आयोजक- खैरथल निवासी चौहान परिवार के सौजन्य से संयुक्त तत्वाधान में . स्वर्गीय श्री धर्मपाल सिंह चौहान एवं स्वर्गीय सुरेंद्री देवी चौहान (ठिकाना मायन, रेवाडी) पूज्य माता जी एवं पिताजी की पुण्य स्मृति- में ,उनके सुपुत्र सतीश सिंह चौहान एवं पदम सिंह चौहान वार्ड नं0- 4, खैरथल निवासी द्वारा- दिनांक 22 जुलाई सोमवार 2024 को प्रात: 8.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, महावर धर्मशाला, मांतोर रोड, खैरथल, राज0 में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आँखों के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच जैसे- मोतियाबिंद, काला पानी की, डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सौरभ सिंह द्वारा जाँच की गई। शिविर में कुल ओपीडी 231 हुई, जिनमें से 53 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में चयन किए गए रोगियों का ऑपरेशन डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर में निःशुल्क किया जाएगा। चयनित रोगियों को अलवर लाने व ले जाने, एवं ठहरने की सुविधा,भोजन व नाश्ता, एवं ऑपरेशन,दवा व चश्मे सभी निःशुल्क होंगे। शिविर का शुभारंभ श्री अशोक डाटा (अध्यक्ष) महावर धर्मशाला खैरथल एवं श्री करण सिंह चौधरी पार्षद वार्ड नंबर 4, हाल पार्षद वार्ड नंबर 8 खैरथल, के कर कमलों द्वारा किया गया। शिविर में डॉ0 श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर के डॉ0 सौरभ सिंह एवं समन्वयक अधिकारी समुद्र सिंह गुर्जर एवं डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ सेवाएं दी गई दी गई। शिविर में आर.एस. वर्मा शाखा अध्यक्ष अलवर नारायण सेवा संस्थान, एडवोकेट अशोक दादानी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, देशराज जांगिड़ , योगेश गुप्ता, राजीव चौधरी, कृष्ण सिंह चौहान, सुनील शर्मा, रूप सिंह शेखावत, घनश्याम भारती,एवं अन्य गणमान्य व समाजसेवी व्यक्ति मौजूद रहे।

# एसडीएम कार्यालय में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एसी में लगी आग

## एसडीएम सहित अन्य कर्मचारी बाल-बाल बचे

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** उपखंड के एसडीएम कार्यालय में सोमवार को दिन में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एसी में आग लग गई। आग लगते ही कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन वरिष्ठ लिपिक विक्रांत मिश्रा ने तुरंत कार्यालय में लगे अग्निशामक यंत्र को चालू कर आग पर काबू पाया। इस दौरान आफिस में मौजूद एसडीएम सहित अन्य कर्मचारी बाल-बाल बचे है। शहर की बिजली लाइनों में वोल्टेज में हो रहे लगातार उतार-चढ़ाव के चलते अन्य जगह भी एसी में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है।

एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया कि कार्यालय में ग्यारह बजे के करीब जब वे कर्मचारियों के साथ काम में व्यस्त थे। अचानक से शॉर्ट सर्किट हुआ और उनकी ऑफिस में लगे एसी ने आग पकड़ ली। जैसे-तैसे वह ऑफिस से निकले और स्टाफ को सचेत किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक विक्रांत मिश्रा ने अग्निशामक यंत्र को चालू किया और आग पर काबू पाया। एसी के मॉड्यूलर में यह आग लगी थी। जो धीरे-धीरे पीछे की ओर आउटपुट की ओर बढ़ रही थी। जिस पर तुरंत काबू पर लिया गया लेकिन इससे ऑफिस का सारा काम बंद हो गया। स्टाफ भी जैसे-तैसे ऑफिस से बाहर निकला।

**लगातार हो रहा है वोल्टेज में उतार-चढ़ाव,ऐसे से प्रभावित हो रही मशीने :** शहर के किला फीडर और आसपास के क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से वोल्टेज में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसको लेकर नागरिकों ने डिस्कॉम के अधिकारियों से भी शिकायत की है साथ में पिछले गुरुवार को हुई जनसुनवाई बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था लेकिन इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस प्रकार वोल्टेज फिक्स नही मिलने से मशीन लोड मान रही है और आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है।

**इनका कहना है :** डिस्कॉम के जेईएन विजेंदर सिंह ने बताया कि मौसम में उमस और गर्मी की वजह से लगातार बिजली की मांग के चलते वोल्टेज फ्लक्सेशन की समस्या सामने आ रही है। लेकिन इससे एसी में आग नहीं लग सकती है। क्योंकि एसी का स्टेबलाइजर होता है। यदि बिना स्टेबलाइजर के एसी चलेगी तो खराब होने की संभावना है आग नही लगेगी।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत् समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग व्यापक रूप से वृक्षारोपण करें एवं लक्ष्य के अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था एवं साफ-सफाई की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्णता अभियान के तहत रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच के सूचकांक को सैचुरेट करने के निर्देश दिए और मौसमी बीमारियों, जल जनित बीमारियां के प्रति तैयारियों के बारे में जानकारी ली एवं आगे आने वाले समय में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागों को सभी कार्मिकों के कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसीईओ जिला परिषद शीशराम यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी महेश मंगल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भंडारे के साथ हुआ समापन, हज़ारों भक्तों ने पाई प्रसादी



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** कस्बे के एक निजी कृष्ण मैरिज गार्डन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन सत्यनारायण भगवान कथा व भंडारे के साथ हुआ। कथा में सात दिनों तक महिला पुरुषों ने कथा का आनंद लिया। कथा के समापन पर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दुग्ध व जलाभिषेक 51 जोड़ो द्वारा किया गया।

साथ ही सर्पदोष का निवारण भी पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद महा आरती के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को यथा स्थान नरसिंह भगवान के मन्दिर पर गाजे बाजे के साथ ले जाया गया और विश्राम दिया गया। इस दौरान भजनों पर महिला पुरुष जमकर थिरके। वही दूसरी ओर दोपहर एक बजे भक्तों का भंडारा आयोजित किया गया जो शाम सात बजे तक चला जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस भक्तों ने आचार्य पण्डित सत्यप्रकाश दाधीच से गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरु दीक्षा ग्रहण करते हुए गुरुमाता व गुरुजी को तिलक लगाकर कर सम्मान किया। पण्डित सत्यप्रकाश दाधीच ने कहा कि सभी भक्तों को गुरू पूर्णिमा पर भंडारा आयोजित करना चाहिए और माता पिता का सम्मान करना चाहिए क्योंकि माता पिता ही पहले गुरु होते हैं जो सभी को सधमार्ग दिखाते हैं। साथ पंडित सत्यप्रकाश दाधीच ने कहा कि भगवान की भक्ति से परिवार और घर में खुशहाली आती है और भगवान किसी न किसी रूप में आकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा समापन पर पंचकुंडीय यज्ञ किया गया जिसमें सात दिन तक रहें जजमानों ने आहुतियां दी।

# सेवा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, जरूरतमंद की सेवा के लिए ही हमें ईश्वर ने सक्षम बनाया है : ऊर्जा मंत्री नागर

## रोटरी क्लब कोटा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, अध्यक्ष मुकेश व्यास ने किया पदभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा का शपथग्रहण एवं पदस्थापना समारोह केडीए ऑडिटोरियम श्रीनाथपुरम पर आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर थे। अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष राजेश बिरला ने की। लोकसभा स्पीकर के विशेष अधिकारी राजीव दत्ता विशिष्ठ अतिथि थे। इस दौरान आगामी प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने नवीन अध्यक्ष मुकेश व्यास तथा सचिव घनश्याम मूंदड़ा को शपथग्रहण कराई। साथ ही, 46 सदस्यीय निदेशक मंडल और 26 सदस्यीय चेयरमैन ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इंडक्शन ऑफिसर प्रद्युम्न कुमार पाटनी ने नए सदस्यों को शपथ दिलाकर रोटरी पिन पहनाई। समारोह में निवर्तमान प्रेसिडेंट प्रीतम गोस्वामी तथा निवर्तमान सेक्रेटरी दीपक मेहता ने नवनियुक्त प्रेसिडेंट मुकेश व्यास और सेक्रेटरी घनश्याम मूंदड़ा को पदभार सौंपा। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बीएल गुप्ता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। वहीं मेंबरशिप डायरेक्टरी का विमोचन भी संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि रोटरी क्लब जैसे संस्थाओं को सेवा के नए-नए प्रकल्प हाथ में लेने चाहिए। सेवा का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की सेवा के लिए ही ईश्वर ने हमें सक्षम बनाया है। सेवा करने के लिए स्वयं का सामर्थ्य भी बढ़ाना होगा। क्योंकि सक्षम व्यक्ति ही किसी दूसरे की सेवा कर सकता है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि कोटा में हवाई सेवा के लिए एमओयू हो गया है। हाईवे और रेलवे का विशाल नेटवर्क कोटा से जुड़ा है। आज कोटा को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के लिए राजस्थान सरकार भरसक प्रयास कर रही है। बिजली के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में 32 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू करेंगे। जिससे उद्योगों को भी बिजली मिलेगी और किसानों व उपभोक्ताओं को भी पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। इसके लिए सस्ता कोयला लेकर बिजली को सस्ती करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं सोलर के द्वारा बिजली उत्पादन के प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाला भविष्य कोटा के लिए अच्छा होगा। राजेश बिरला ने कहा कि हमें गरीब की सेवा का अवसर मिला है। इसे अपना सौभाग्य समझना चाहिए। प्रोजेक्ट सलाहकार अनुपम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की थीम 65 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर केंद्रित थी। जिसमे सदस्यों द्वारा लिटिल कपिल शो और बाहुबली अगेन के अंदाज में क्लब के पूर्व अध्यक्षों एवं उनके सेवा कार्यक्रमों का नाटक के स्वरूप में रूपांतरण कर प्रस्तुतियां दी। घनश्याम मूंदड़ा ने धन्यवाद अर्पित किया। संचालन नीरज अग्रवाल व नीता डांगी ने किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय, प्रोजेक्ट चेयरमैन उमेश गोयल, प्रोजेक्ट सलाहकार अनुपम शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष क्रांति जैन, बीएल गुप्ता, संजय जैन, नीरज अग्रवाल, जय जैन, आशीष खंडेलवाल, अभिषेक मित्तल, दीपक भार्गव, मुकेश चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# लोकायुक्त व संपर्क पोर्टल दर्ज प्रकरणों का करें प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, निर्माण कार्यों के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग लोकायुक्त के प्रकरणों व राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की पेडेंसी नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। साथ ही आमजन से प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का भी प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए राहत प्रदान करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलापूर्ति से संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करे। इस दौरान हैंडपंप रिपेयर तथा वर्तमान में हो रही टैंकरों से आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जिले में राज्य सरकार की मंशा अनुरूप नियमानुसार कृषि कनेक्शन जारी किए जावे। उन्होंने कहा कि कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत निगम एवं पीएचईडी यह सुनिश्चित करें कि वर्षाकाल के दौरान कहीं भी खुदाई संबंधी कार्य नहीं हो, इसके बावजूद भी यदि कोई ठेकेदार ऐसा कार्य करता है तो उसके संसाधन जब्त करने की कार्यवाही की जावे।

# कृषक साथी सहायता योजना अन्तर्गत 56 लाख रूपयें की सहायता राशि स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कृषि उपज मण्डी समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा कृषक साथी सहायता योजना अन्तर्गत मृतकों के आश्रितों को 56.00 लाख रूपयें की सहायता राशि स्वीकृत की गई। कृषि उपज मण्डी समिति चित्तौड़गढ़ के सचिव संतोष कुमार मोदी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक साथी योजना अन्तर्गत मण्डी समिति कार्यालय में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं कृषि उपज मण्डी समिति के प्रशासक राकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव द्वारा कृषि कार्य करते समय दुर्घटना होने पर सहायता राशि हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार-विर्मश हेतु आवेदन पत्रावलियों को सहायता समिति की बैठक में रखा गया, जिस पर सहायता समिति द्वारा 28 मृतक के आश्रितों को 56.00 लाख रु. की सहायता राशि जुलाई माह में स्वीकृत की गई है। साथ ही प्रशासक कृषि उपज मण्डी समिति चित्तौड़गढ़ ने अवगत कराया कि मृतक के आश्रितों को स्वीकृत सहायता राशि ऑनलाईन लाभार्थी के खाते में स्थानांन्तिरित कर दी जावेगी।

# जिला कलक्टर ने लिया निर्माणाधीन नार्दन बाईपास के कार्यों का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को तालेड़ा उपखंड क्षेत्र में निर्माणाधीन नार्दन बाईपास के कार्यों का बल्लोप, गामछ में निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नार्दन बाईपास की प्रोजेक्ट डीपीआर का अवलोकन किया। साथ ही अधिग्रहित की गई जमीनों के मुआवजे की स्थिति के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि मुआवजे संबंधी लंबित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए इनका निस्तारण किया जावे। इसके अलावा जिन काश्तकारों द्वारा अभी तक जमीन अधिग्रहित नहीं करवाई गई है, उनकी समझाईश कर सहमति ली जावे। इसके अलावा उन्होंने कोर्ट में लंबित जमीन संबंधी प्रकरणों की वर्तमान स्थिति के बारे में तालेडा उपखण्ड अधिकारी से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री के परिवहन के दौरान सड़के क्षतिग्रस्त नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जावे। इस दौरान उन्होंने नार्दन बाईपास में अधिग्रहित जमीन के सभी खसरों की जानकारी भी लेकर निर्देश दिए कि मुआवजे की सूची त्रुटि रहित हो।

# पौधरोपण को बनाएंगे जन-अभियान, प्लास्टिक को कहेंगे 'ना'

## जन-जन सेवा की सेवा का लिया संकल्प, किशन गुप्ता ने किया अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा साउथ का पदस्थापना एवं शपथग्रहण समारोह सेवन वंडर रोड़ स्थित एक होटल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदस्थापना अधिकारी बलबीर सिंह साहनी ने 25 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी की शपथग्रहण कराई। इस दौरान लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष किशन गुप्ता तथा सचिव सुधा शर्मा की पदस्थापना सम्पन्न की गई। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष सुषमा आहूजा तथा निवर्तमान सचिव राजकमल ऐरन का स्थान लिया। मुख्य अतिथि बलबीर सिंह साहनी ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा के क्षैत्र में देश में असीम संभावनाएं हैं। अंतिम व्यक्ति तक सेवा का लाभ पहुंचना चाहिए। देश में गरीब और पिछड़े लोगों को आगे लाने के लिए सभी को कृतसंकल्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि गरीबों, पिछड़ों और जरूरतमंदों की सेवा ही लायंस क्लब का दूसरा नाम है। इससे पहले निवर्तमान अध्यक्ष सुषमा आहूजा ने वर्ष 2023-24 में किए सेवाकार्यों के बारे में जानकारी दी। वहीं नवीन अध्यक्ष किशन गुप्ता ने वर्ष 2024- 25 में किए जाने वाले सेवाकार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सेवा को अपना परम ध्येय मानकर काम करेंगे। सेवा का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। सचिव सुधा व्यास ने कहा कि आने वाले 1 वर्ष में पौधरोपण को जन-जन का अभियान बनाएंगे और प्लास्टिक व डिस्पोजल आइटम को ना कहने का अभियान चलाएंगे। प्रोग्राम कन्वीनर मुकेश गुप्ता ने बताया कि कोषाध्यक्ष एमपी राठौर को कुबेर अवार्ड से अलंकृत किया गया। प्रतिभा गुप्ता ने अर्ली बर्ड गेम का आयोजन किया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सेवागीत वीडियो के तहत मंजू गर्ग द्वारा करनी नगर विकास समिति को 5 हजार रुपए की राशि दी गई। मंजूश्री त्रिपाठी ने भी 10 हजार रुपए देने की घोषणा की। संचालन गोपाल सोनी ने किया।

**25 सदस्यीय कार्यकारिणी को दिलाई शपथ :** स्मारोह के दौरान लांयस क्लब कोटा साउथ की 25 सदस्यीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। जिसमें किशन गुप्ता को अध्यक्ष तथा सुधा शर्मा को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा एमपी राठौर को कोषाध्यक्ष, अशोक झमटानी, डॉ. अमित नंदवाना, राजकमल ऐरन को उपाध्यक्ष, जेएस हाड़ा को संयुक्त सचिव, अशोक पारीक को टेल ट्विस्टर, निशा धूत व डॉ. ओपी बावेजा को सदस्यता कमेटी चैयरमेन बनाया है।

साथ ही, सर्विस चेयरपर्सन मंजूश्री त्रिपाठी, कोऑर्डिनेटर डॉ सुषमा आहूजा, जनसंपर्क प्रमुख जीपी मूंदड़ा को और टेमर यश गोयल को बनाया गया है। पदस्थापना समारोह के दौरान नए बोर्ड आफ डायरेक्टर्स तथा नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई।

इस दौरान मुरारीलाल गुप्ता, राजकुमार शर्मा, मुखराम, प्रतिभा गुप्ता, अशोक, अनिल गुप्ता, पूर्व रीजनल चेयरमैन मंजुला जैन, उपेंद्र जैन, लायंस क्लब कोटा के अध्यक्ष प्रमोद विजय, आरसी धूत, कुसुम गुप्ता, अनामिका राठौर, सीमा निगम, गिरिराज मूंदड़ा, पुष्पा गुप्ता, अशोक गुप्ता, बीपी आहूजा, एसआर गुप्ता, मनोज गर्ग, हिमांशु पारीक, पुष्पा गुप्ता, जीके मित्तल, संजय मलिक, प्रशांत भारद्वाज समेत कई लोग मौजूद रहे।

# दो चिकित्सको के भरोसे चल रही सीएचसी, महिला चिकित्सक व एन एम नहीं होने से महिलाओं को आ रही परेशानी

## गंगधार, कुंडला, उन्हेल, रामपुरा, कचनारा, पीएचसी होने के बाद भी चौमहला सीएचसी की ओपीडी लगभग 500 पार

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला सामुदायिक स्वास्थ केंद्र (सी एच सी ) जंहा चिकित्सको के रिक्त पदों से बदहाल हुई चिकित्सा व्यवस्था केवल दो चिकित्सको के भरोसे संचालित हो रहा है।दो दो तीन तीन घंटो तक इंतजार करना पड़ रहा है । इलाज के लिए मरीजों को मौसमी बीमारियों के कारण ओ पी डी प्रतिदिन 450 से 500 तक पहुंच रही है।

आसपास के करीब 40 से 50 गांवों के ग्रामीण क्षेत्रो से भी भारी संख्या में मरीजों के आने के कारण मरीजों को इलाज मिलने में काफी समय लगता है।जबकि गंगधार कुंडला ,उन्हेल ,रामपुरा ,कचनारा ,में पी एच सी होने के बाद भी दूर दराज के गांवों तक के मरीज व गर्भवती महिलाए प्रसूति के लिए चौमहला स्वास्थ केंद्र आते है जबकि इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहती हैऔर एन एम भी उपलब्ध रहती है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार गंगधार ,कुंडला ,उन्हेल में डॉक्टर उपलब्ध नही रहते है।वही रात्रि में भी इमरजेंसी सेवाओ भार भी इन्ही दो डॉक्टरों के ऊपर पड़ रहा है। जबकि यहाँ पर महिला चिकित्सक सहित 5 डॉक्टरों की पोस्टिंग है इसके बावजूद पिछले तीन सालों से केवल दो डॉक्टर ही कार्यरत है।

महिला चिकित्सक के अभाव में मेल डॉक्टर ही महिलाओं का इलाज व जांच कर रहे है।जिससे महिलाओं को भारी परेशानी आ रही है अपनी बीमारी को बताने के लिए शर्मिंदा होना पड़ता है।

जिसके कारण उचित इलाज नही मिल पाता है।वही महिला वार्डो में भी महिला नर्सिंग कर्मी नही होने से बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।चौमहला स्वास्थ केंद्र की सोनो ग्राफी मशीन भी विगत 4 साल से भी अधिक समय से खराब होने के कारण बंद पड़ी है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रदालुओ ने पूजा पाठ अभिषेक किये गये इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओ की भीड़ रही। सावन के पहले सोमवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओ ने दर्शन अभिषेक सहित वेदोक्त पद्धति से विधि विधान से पूजा पाठ कर शिव को प्रसन्न करने के जतन किया। दिन भर मन्दिरो में भक्तों जमावाड़ा रहा, तथा महिलाओ व पुरुषों ने व्रत रखें,कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के सभी शिवालयों में सोमवार को श्रदालुओ ने पूजा अर्चना की। शिव मंडल द्वारा सोमवार शाम भगवान शंकर की सवारी निकाली गई,सवारी नर्बेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई जो जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी,शिव मंडल के अध्यक्ष प्रदीप डोसी ने बताया हर वर्ष की तरह सावन के पांचों सोमवार को सवारी निकाली जाएगी।

# महर्षि गौतम व माता अहिल्या जी का विधि विधान से किया पूजन छात्रावास व मंदिर निर्माण को लेकर किया गया विचार विमर्श

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** श्री महर्षि गौतम छात्रावास समिति की ओर से श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अग्रसेन बाजार स्थित श्री महर्षि गौतम छात्रावास परिसर में मनाया गया। मंत्री मनोज गौतम ने बताया कि संरक्षक पं. बद्री प्रसाद गौतम, समिति अध्यक्ष बालचंद शर्मा फौजी व निर्माण सामिति संयोजक हीरेन्द्र शर्मा द्वारा परिसर में विराजित गुर्जर गौड़ समाज के उद्गाता न्याय शास्त्र के प्रणेता भगवान श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या जी का विधि विधान व मंत्रोच्चार द्वारा माला धारण कराकर पूजन किया गया।

इस अवसर पर समाज को अग्रसर करने, छात्रावास निर्माण एवं समिति के सहयोग से समाज को आगे बढाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। पं. गौतम ने बताया कि छात्रावास निर्माण को लेकर इस दौरान विशेष चर्चा की गई वहीं मंदिर निर्माण पर भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में छात्रावास समिति के चुनाव के लिए जन जागरण अभियान एवं सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, ताकी समाज का हर वर्ग इससे जुड़ सके और सहयोग करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी बीएम पंचोली, भंवरलाल शर्मा, बिम्बाधर शर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिलोक गौतम, गौतम समाज महानगर के महामंत्री लेखराज शर्मा, सहसंयोजक दिनेश शर्मा मोली, महेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष निगम शर्मा, सहमंत्री जय प्रकाश भा.ज.पा. जिला मंत्री हरिहर गौतमआदि विशेष रूप से उपस्थित थे। पंडित रोहित गौतम के आचार्यत्व में पूजन सम्पन्न हुआ।

श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या की आरती उतारी तत्पश्चात सभी बंधुओं ने श्री महर्षि गौतम व माता अहिल्या जी के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ गायन किया। अंत में सभी महानुभावों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सुमधुर गीतों से बांधा समां, उभरते गायकों ने दिखाया गायकी का जादू



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** उभरते गायकों और कलाकारों की संस्था रॉकस्टार ग्रुप का स्नेह मिलन समारोह 'सुर संध्या' सोमवार को तलवंडी स्थित एक होटल पर मनाया गया। जिसमें नए और उभरते गायकों ने अपनी गायकी का ऐसा समां बांधा की हर कोई झूमने को मजबूर हो गया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं तो तालियां से भवन गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित बंसल व सुनील जैन थे। इस दौरान देवेश शर्मा, मुकेश शर्मा, तनिष्का, स्वाति मण्डल, प्रियल भारद्वाज ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से हर किसी का मन मोह लिया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# आरटीओ इंस्पेक्टर की गाड़ी से सवा लाख रुपए लूटे

## महिला अधिकारी बोलीं- बजरी माफिया ने मेरी हत्या की कोशिश की, 2 डंपर छुड़ा ले गए

**लालसोट (दौसा)।** आरटीओ इंस्पेक्टर की गाड़ी से बजरी माफिया 1.34 लाख रुपए लूट ले गए। मौके पर उन्होंने महिला अधिकारी (आरटीओ इंस्पेक्टर) को जान से मारने की कोशिश भी की। ओवरलोड डंपरों को रोकने के बाद यह विवाद शुरू हुआ था। बड़ी संख्या में बिना नंबर वाली कार से आए माफिया 2 डंपरों को भी छुड़ा ले गए। मामला दौसा के लालसोट इलाके का है। इंस्पेक्टर ने लालसोट थाने में बजरी माफिया के खिलाफ जान से मारने की कोशिश करने, राजस्व कार्य में बाधा डालने, सरकारी रुपए लूटने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरटीओ इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया- सोमवार सुबह 8 बजे सवाई माधोपुर रोड पर लालसोट उप परिवहन कार्यालय से 2 किमी आगे (अनाज मंडी के पास) न्यू किसान कांटे पर बजरी से भरे दो ओवरलोड डंपरों को रुकवाया था। उनके पास डंपर और बजरी परिवहन से संबंधित कोई कागज नहीं थे।

### सरकारी अधिकारी ने कहा- बजरी माफिया के हौसले बुलंद

आरटीओ इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने बताया- ओवरलोड गाड़ियों का चालान बनाकर जब्त करने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान बिना नंबर की 10 कारों में 3 मुख्य बजरी माफिया समेत 26 लोग मौके पर आ गए। वे कार्रवाई का विरोध करने लगे। मेरे और गार्ड के साथ धक्का-मुक्की की। वे मौके पर इकट्ठे हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही झूठे केस में फंसाने, तबादला करवाने, मेरे बच्चों का अपहरण कराने की भी धमकी दी। बजरी माफिया के हौसले बुलंद हैं। वे पहले भी प्रदेश में हत्याएं कर चुके हैं। आज मेरी हत्या का प्रयास किया।

### उग्र हो गए थे माफिया

आरटीओ इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने बताया- माफिया सरकारी कार में रखी अटैची ले गए। उसमें 1.34 लाख रुपए की राजस्व राशि, चालान बुक, कैश बुक, रसीद बुक आदि थे। मैंने उनसे अटैची वापस लेने की कोशिश भी की लेकिन वे संख्या में अधिक थे और उग्र हो रहे थे। इसलिए हमारी टीम लालसोट थाने आ गई। आरटीओ इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने लालसोट थाने में बजरी माफिया बबलू उर्फ अकरम पुत्र सिराज खान निवासी बेहतेड़ मलारना डूंगर (दौसा) समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। आरोपियों को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुक्ता सोनी की एडिशनल एसपी व डिप्टी एसपी से भी बात हुई है। इलाके में नाकाबंदी कराई गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# मायावती बोलीं-आरएसएस राजनीतिक पार्टी : तल्खी दूर हो इसलिए भाजपा ने कर्मचारियों के शाखा जाने का प्रतिबंध हटाया

**लखनऊ।** सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस के कार्यक्रम में शामिल वाले फैसले पर बसपा प्रमुख मायावती ने हमला बोला है। उन्होंने कहा- आरएसएस एक राजनीतिक पार्टी है। आरएसएस और भाजपा के बीच तल्खी दूर हो, इसलिए सरकार ने कर्मचारियों के शाखा में जाने पर लगा बैन हटाया है। केंद्र सरकार यह फैसला तुरंत वापस ले। 9 जुलाई को केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे बैन को हटाया दिया था, तभी से विपक्ष भाजपा सरकार पर हमलावर है।

### मायावती बोलीं-केंद्र का निर्णय देशहित से परे

सोमवार को बसपा प्रमुख ने ट्वीटर पर 2 ट्वीट किए। उन्होंने लिखा- सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में जाने पर 58 साल से जारी प्रतिबंध को हटाने का केंद्र का निर्णय देशहित से परे है। यह फैसला राजनीति और तुष्टीकरण से प्रेरित है। सरकारी नीतियों और इनके (भाजपा) अहंकारी रवैए से लोकसभा चुनाव के बाद दोनों के बीच (आरएसएस और भाजपा) तल्खी हो गई थी। इसको दूर करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है।

### आरएसएस की गतिविधियां राजनीतिक ही नहीं, बल्कि चुनावी भी

मायावती ने कहा- सरकारी कर्मचारियों को संविधान और कानून के दायरे में रहना चाहिए और उन्हें निष्पक्षता के साथ जनकल्याण में काम करना चाहिए। कई बार प्रतिबंधित रहे आरएसएस की गतिविधियां राजनीतिक ही नहीं, बल्कि पार्टी विशेष के लिए चुनावी भी रही हैं। ऐसे में यह निर्णय अनुचित है।

# पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को सुप्रीम कोर्ट से राहत:शीर्ष कोर्ट ने हाई कोर्ट के जमानत रद्द करने के फैसले पर लगाई रोक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मलिंगा की जमानत रद्द करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। करीब 17 दिन पहले 5 जुलाई को हाई कोर्ट ने मलिंगा की जमानत रद्द करते हुए उन्हें 30 दिन में सरेंडर करने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार और एईएन हर्षदापति को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। दरअसल, मलिंगा पर धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में AEN और JEN को पीटने का आरोप है। हाई कोर्ट ने ही गिर्राज सिंह मलिंगा को 2 साल पहले को कोरोना के चलते जमानत दी थी, लेकिन बाद में हाई कोर्ट ने जमानत का मिस यूज मानते हुए उनकी जमानत को रद्द कर दिया था।

**क्या है पूरा मामला ?**

धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में 28 मार्च 2022 को AEN हर्षदापति और JEN नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। प्रकरण में एईएन हर्षदापति ने मलिंगा और अन्य के खिलाफ 29 मार्च को नामजद मारपीट, राज्य कार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# पेपर लीक माफिया भांभू के घर पर चला बुलडोजर

## 2 प्लॉटों पर कर रखा था अवैध निर्माण, एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में एसओजी ने किया था गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चूरू।** राजस्थान में एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से गिरफ्तार आरोपी विवेक भांभू के घर पर सोमवार को नगर परिषद की टीम ने बुलडोजर चला दिया। आरोपी विवेक भांभू ने चूरू की पूनिया कॉलोनी में दो प्लॉटों पर अवैध रूप से पक्का निर्माण करा रखा था। इस दौरान भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। आरोपी विवेक भांभू एसआई भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड यूनिक भांभू का छोटा भाई है। इसका एसआई भर्ती परीक्षा में चयन हो गया था।

नगर परिषद के सहायक अभियंता (असिस्टेंट इंजीनियर) रवि कुमार राघव के नेतृत्व में सोमवार दोपहर नगर परिषद की जेसीबी और ट्रैक्टर पूनिया कॉलोनी की गली नंबर 11 में पहुंचे। टीम एसआई पेपरलीक मामले में गिरफ्तार आरोपी विवेक भांभू के प्लॉट नंबर 114 और 115 पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इन प्लॉटों बिना परिषद की परमिशन के अवैध निर्माण करवाया हुआ था, जिसको जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। प्लाटों में एक कमरा, एक लेट बाथ, दो टीन शेड के बने ढारे और प्लॉट के चारों तरफ चारदीवारी बनी हुई थी।

डीएसपी सुनील कुमार झाझड़िया ने बताया- एसआई पेपरलीक मामले में गिरफ्तार आरोपी विवेव भांभू का घर है। जिसको नगर परिषद के आदेश से जेसीबी चलाकर ध्वस्त किया गया है। बताया जा रहा है कि यह घर नगर परिषद की बाउंड्री में बना हुआ है और अवैध रूप से बिना परमिशन के बना है। इसलिए इसको तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

### भारी मात्रा में तैनात रहा जाब्ता

पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपी विवेक भांभू के घर पर जब जेसीबी का पिला पंजा चला। तब मौके पर कॉलोनी के लोगों भीड़ जमा हो गई। मगर इससे पहले भारी मात्रा में पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी, सदर थानाधिकारी बलवंत सिंह, महिला थानाधिकारी करतार सिह, रतननगर थानाधिकारी जयप्रकाश, एएसआई लक्ष्मण सिंह, एएसआई राजेश कुमार सहित भारी मात्रा में हथियारबंद पुलिस जवान भी मौके पर मौजूद रहे।



**पहले बीएसएफ में था विवेक**

एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से गिरफ्तार किया गया विवेक भांभू पहले बीएसएफ में था। एसआई भर्ती पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड यूनिक भांभू आरोपी का बड़ा भाई था। उसके कहने पर ही उसने नौकरी के बीच में ही रिटायरमेंट ले लिया था। इसके बाद उसने एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर दिया था, जिसमें चयन भी हो गया था।

# कांवड़ रूट की दुकानों पर नेमप्लेट जरूरी नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार का फैसला रोका, कहा- भोजन शाकाहारी है या मांसाहारी यह बताएं

बढ़ता राजस्थान

**दिल्ली/लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा रूट पर दुकानदारों को अपनी पहचान बताने को लेकर कई राज्य सरकारों के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

कोर्ट ने सोमवार, 22 जुलाई को कहा कि दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं है। होटल चलाने वाले यह बता सकते हैं कि वह किस तरह का खाना यानी, शाकाहारी या मांसाहारी परोस रहे हैं। लेकिन उन्हें अपना नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है। तीनों राज्यों में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकान मालिकों को अपना नाम लिखने का आदेश दिया गया था।

इसके खिलाफ एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नाम के एनजीओ ने 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की पहचान के जरिए उनका आर्थिक बहिष्कार किया जा रहा है। यह चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट में मामले पर 26 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।




### यूपी में नाम लिखने का आदेश दो स्तर से जारी हुआ- पुलिस और यूपी सरकार

1. **पुलिस:** 17 जुलाई को मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह ने कहा कि जिले के करीब 240 किमी एरिया में कांवड़ मार्ग पड़ता है। सभी होटल, ढाबा, दुकान और ठेले, जहां से कांवड़िए खाने का सामान खरीद सकते हैं, सभी को अपनी दुकान के बाहर मालिक का नाम और नंबर साफ अक्षरों में लिखना पड़ेगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी था, ताकि कांवड़ियों में कोई कन्फ्यूजन न रहे और कानून व्यवस्था में बाधा न आए। सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए ये कदम उठाना जरूरी था।
2. **सरकार:** मुजफ्फरनगर पुलिस का आदेश सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद 19 जुलाई को सरकार ने इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया। सरकार के मुताबिक, कांवड़ियों की शुचिता बनाए रखने के लिए ये फैसला लिया गया है। हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी।

### यूपी के बाद एमपी के उज्जैन और उत्तराखंड में आदेश जारी हुए

यूपी के बाद 20 जुलाई को उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी कांवड़ यात्रा रूट पर आने वाली दुकानों में दुकानदारों का नाम और मोबाइल नंबर लिखना जरूरी कर दिया गया था। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ लोग अपनी पहचान छिपाकर दुकान खोलते हैं। उज्जैन में नगर निगम यह आदेश एक साल पहले ही दे चुका था। हालांकि, इस पर अमल नहीं हो रहा था। उज्जैन के मेयर मुकेश टटवाल ने कहा था कि इस बार सावन के महीने में आदेश पर सख्ती से अमल करवाएंगे।

# पूजा खेडकर की मां 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

## किसान को धमकाने और जमीन हड़पने का आरोप; पिता अंतरिम जमानत पर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** यूपीएससी सिलेक्शन को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस पूजा खेडेकर की मां को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुणे पुलिस ने उन्हें सोमवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया था। मनोरमा पर किसानों को पिस्टल से धमकाने और जमीन हड़पने का आरोप है। सोशल मीडिया पर मनोरमा का 2023 का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मनोरमा जमीन को लेकर एक किसान को पिस्टल दिखाकर धमका रही हैं। पुलिस ने 18 जुलाई को उन्हें रायगढ़ के महाड के एक होटल से गिरफ्तार किया था। वे यहां एक लॉज में कैब ड्राइवर के साथ रुकी थीं। उन्होंने ड्राइवर को अपना बेटा बताया था। लॉज में रूम बुक करने के लिए मनोरमा ने फेक आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। इससे पहले 19 जुलाई को इसी मामले में पूजा खेडकर के पिता दिलीप कोंडीबा खेडकर को सेशन कोर्ट ने 25 जुलाई तक अंतरिम जमानत दे दी है।

खेडकर परिवार ने पुणे के मुलशी तहसील में 25 एकड़ जमीन खरीदी थी। हालांकि उन्होंने दावा किया कि इसके एक हिस्से पर किसानों ने कब्जा कर लिया था।

# जयपुर-अजमेर के कुछ इलाकों में बारिश

## चार जिलों में बरसात का ऑरेंज अलर्ट, अब तक सामान्य से कम हुई बारिश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में उमस, गर्मी और बारिश का दौर लगातार जारी है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज से 25 जुलाई तक राज्य के सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार दोपहर को जयपुर-अजमेर के कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई।

आज भी राजस्थान के सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 जुलाई तक राजस्थान में औसत बारिश 154.8एमएम होती है, जबकि इस बार अब तक केवल 153.3एमएम ही बारिश हुई। इस तरह अब तक सामान्य से 1 फीसदी कम बारिश हुई है। पिछले कुछ दिनों में मानसून की रफ्तार कुछ धीमी हुई है। पिछले 24 घंटे में जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ तहसील के झिनझिनयाली में 40 एमएम, चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में 34, राजसमंद के देवगढ़ में 17, सीकर के दांतारामगढ़ में 24, भीलवाड़ा के कोटड़ी में 20, पाली के सुमरेपुर में 21 एमएम बरसात दर्ज हुई। वहीं, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के जिलों में उमस रही।



**22 जिलों में बारिश का अलर्ट**-मौसम विभाग ने शाम 5 बजे तक के लिए एक शॉर्ट अलर्ट जारी किया है। इसके अनुसार जयपुर,अजमेर, भीलवाड़ा और टोंक में ऑरेंज अलर्ट है। यहां तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। दौसा, भरतपुर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, करौली, नागौर, पाली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, बाड़मेर, जालोर, बूंदी, बारां, कोटा और हनुमानगढ़ में येलो अलर्ट जारी किया गया है।
**अजमेर में एक घंटे में 43 मिमी बारिश**-मौसम विभाग के अनुसार अजमेर में सोमवार को करीब 1 घंटा 5 मिनट बरसात हुई। इस दौरान करीब 43 .6एमएम बारिश दर्ज की गई।
**अजमेर में तेज बारिश से सड़क पर एक फीट पानी भरा**-अजमेर के कुछ इलाकों में बरसात का दौर लगातार जारी है। सावन के पहले सोमवार पर शुरू हुई तेज बरसात ने नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी है। जेएलएन अस्पताल के पास बरसात के कारण नालों का पानी सड़कों पर आ गया है, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

# मुफ्त बिजली योजना में नए लोग नहीं जुड़ेंगे,रजिस्ट्रेशन बंद गहलोत राज की फ्री स्मार्टफोन योजना भी स्थगित

**जयपुर।** गहलोत सरकार की लोकलुभावन योजनाओं को भजनलाल सरकार ने समेटना शुरू कर दिया है। गहलोत राज में शुरू की गई फ्री स्मार्टफोन योजना फिलहाल स्थगित है। वहीं, 100 यूनिट फ्री बिजली देने की स्कीम से अब नए लोगों को नहीं जोड़ा जाएगा। दोनों योजनाओं को लेकर पूछे गए अलग-अलग सवालों के जवाब में सरकार ने विधानसभा में लिखित जवाब देकर रुख साफ कर दिया है। सरकार ने साफ किया है कि फ्री स्मार्टफोन स्कीम विधानसभा चुनावों की आचार संहिता के समय से स्थगित है। आगे इस पर फाइनल फैसला होगा। इसे स्कीम को बंद करने से जोड़कर देखा जा रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# इमरान खान बोले- आतंकवादी की तरह पिंजरे में बंद हूं

## जेल की लंबाई 7 फीट, हिलने-डुलने में परेशानी हो रही; एजेंसियां 24 घंटे नजर रख रही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उन्हें आतंकवादी की तरह पिंजरे में कैद किया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, इमरान ने शनिवार को बताया कि वे 7 बाई 8 फीट की जेल में रह रहे हैं। उनकी लंबाई 6 फीट 2 इंच है। इस वजह से उन्हें हिलने-डुलने में मुश्किल हो रही है।

इमरान ने कहा कि मैं हमेशा एजेंसियों की निगरानी में रहता हूं। मेरी 24 घंटे निगरानी की जाती है। यहां तक की मुझे किसी से भी मिलने नहीं दिया जाता है। इमरान करीब एक साल से जेल में बंद है। वहीं, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मुताबिक इमरान रावलपिंडी की अदियाला जेल में शाही सुविधा का आनंद ले रहे हैं।



### इमरान बोले- एक दिन जेल से छुट जाऊंगा

इमरान खान ने कहा कि वह एक दिन जेल से छुट जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह रोज पाकिस्तान के भविष्य के बारे में योजना बनाते हैं। पाकिस्तान की खराब हालत के बीच लोग मुझ पर विश्वास करते हैं। मुझे भगवान पर पूरा विश्वास है। एक दिन न्याय अत्याचार पर विजय प्राप्त करेगा।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बताया कि इमरान को जेल में एक एक्सरसाइज साइकिल, एक वर्किंग गैलरी और एक रसोई दी गई है। उन्हें खाने में शानदार मेनू दिया जा रहा है।

### खान पर 100 से ज्यादा मामले

इमरान खान पर 100 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। इस्लामाबाद की स्थानीय कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त, 2023 को तोशाखाना के केस में दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के जमान पार्क स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)